कार्तिक कृष्ण - 4 • संवत 2080 • वर्ष - 11 • अंक - 126 • पृष्ठ - 8 • रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 01-12-2023 • www.dakshinbharat.com • Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 एबुलेंस चालकों और निजी अस्पतालों के बीच सांठगांठ समाप्त करें : डीके शिवकुमार

6 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में डीपफेक एक बड़ी चुनौती

7 फिल्मों के जरिए आप असल जिंदगी के नायकों को सामने लाते हैं : फातिमा सना शेख

## फर्स्ट टेक

### कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति रद्द

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने केरल सरकार को एक बड़ा झटका देते हुए कुन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति गोपीनाथ रवींद्रन को सेवानिवृत्ति के बाद दोबारा नियुक्त करने के केरल सरकार के फैसले को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया और मामले में राज्य सरकार के 'अनुचित हस्तक्षेप' की आलोचना की। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने रवींद्रन को कुलपति के पद पर दोबारा नियुक्त करने के कुलाधिपति एवं राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के आदेश को खामीयुक्त पाया और कहा कि उन्होंने कुलपति को फिर से नियुक्त करने के लिए संवैधानिक अधिकारों को 'त्याग दिया या आत्मसमर्पण' कर दिया। राज्यपाल राज्य विश्वविद्यालयों के पदेन कुलाधिपति भी होते हैं। शीर्ष अदालत ने रवींद्रन की दोबारा नियुक्ति को बरकरार रखने के केरल उच्च न्यायालय की एकल पीठ एवं खंडपीठ के फैसले को निरस्त कर दिया।

### जोशीमठ के लिए 1658 करोड़ की पुनर्निर्माण योजना को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र ने उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपये की पुनर्निर्माण योजना को बृहस्पतिवार को मंजूरी दी। जोशीमठ पिछले दिनों भूस्खलन और जमीन धंसने से प्रभावित हुआ था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इस योजना के तहत, 1079.96 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के पुनर्निर्माण प्रकोष्ठ से दी जाएगी। बयान के अनुसार उत्तराखंड सरकार राहत के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से 126.41 करोड़ रुपये और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपये मुहैया कराएगी। इसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ रुपये की भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है।

### इमरान खान के खिलाफ जेल में मुकदमा चलाये जाने को मंजूरी मिली

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के मंत्रिमंडल ने सुरक्षा कारणों से जेल में सुनवाई करने संबंधी विशेष अदालत के फैसले के बाद बृहस्पतिवार को 'सिफर' मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ मुकदमा जेल में ही चलाये जाने को मंजूरी दे दी। पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री खान के खिलाफ मुकदमा जेल में ही चलाते रहने का फैसला किया था।

सूर्यास्त 01-12-2023 5:40 बजे | सूर्योदय 02-12-2023 6:15 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 66,988.44 | 20,133.15 |
| (+86.53) | (+36.55) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,297 रु. | 77,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### लोकतंत्र पर महादुर्योग

हैं लोकतंत्र के चार स्तंभ,
इनकी जड़ होता संविधान।
इन सब पर अंकुश रखने को,
हैं संविधान में प्रावधान।
पर न्यायपालिका का होता,
इन चारों में सर्वोच्च स्थान।
इस पर भी यदि अभियोग लगे,
तो समझो खतरे का निशान।।

# एग्जिट पोलः राजस्थान, मप्र में भाजपा को और छत्तीसगढ़, तेलंगाना में कांग्रेस को बढ़त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मध्यप्रदेश**

| सोर्स | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| चाणक्य | 151 | 74 | 5 |
| सीवोटर | 88-112 | 113-137 | 2-8 |
| न्यूज18 | 118-130 | 97-107 | 0-2 |
| टीवी9 | 100-110 | 90-100 | 5-15 |

**राजस्थान**

| सोर्स | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| चाणक्य | 89 | 101 | 9 |
| टाइम्स नाऊ | 108-128 | 56-72 | 13-21 |
| टीवी9 | 105 | 92 | 2 |
| इंडिया टूडे | 90 | 95 | 14 |

**छत्तीसगढ**

| सोर्स | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| सीवोटर | 41-53 | 36-48 | 0-4 |
| इंडिया टीवी | 30-40 | 46-56 | 3-5 |
| टीवी9 | 35-45 | 40-50 | 0-3 |
| इंडिया टूडे | 36-46 | 40-50 | 1-5 |

**तेलंगाना**

| सोर्स | भाजपा | कांग्रेस | अन्य | बीआरएस | एआईएमआईएम |
|---|---|---|---|---|---|
| चाणक्य | 7 | 71 | 8 | 33 | 0 |
| टाइम्स नाऊ | 6-8 | 60-70 | 0 | 37-45 | 5-7 |
| न्यूज18 | 5-10 | 97-107 | 0-2 | 0-2 | 0-2 |
| रीपब्लिक | 7-13 | 48-64 | 0 | 40-55 | 4-7 |

**मिजोरम**

| सोर्स | भाजपा | कांग्रेस | अन्य | एमएनएफ | जेड़पीएम |
|---|---|---|---|---|---|
| सीवोटर | 0 | 2-8 | 0-5 | 15-21 | 12-18 |
| रीपब्लिक | 0-2 | 5-9 | 0 | 10-14 | 15-25 |
| इंडिया टीवी | 0-2 | 8-10 | 0 | 14-18 | 12-16 |
| टाइम्स नाऊ | 0-2 | 9-13 | 0 | 14-18 | 10-14 |

**नई दिल्ली/भाषा।** देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए मतदान के बाद आए ज्यादातर एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में राजस्थान और मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बढ़त मिलने का अनुमान लगाया गया है वहीं तेलंगाना तथा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के आगे रहने की संभावना जताई गई है।

छत्तीसगढ़ में दो चरणों में सात नवंबर और 17 नवंबर को मतदान हुआ था। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 25 नवंबर और तेलंगाना को 30 नवंबर को वोट डाले गए थे। मिजोरम में सात नवंबर को मतदान हुआ था। इन सभी राज्यों में मतगणना तीन दिसंबर को होगी।

'इंडिया टुडे-एक्सिस मॉय इंडिया' के एग्जिट पोल में राजस्थान में कांग्रेस को बढ़त दिखाई गई हैं, हालांकि कई अन्य सर्वेक्षणों में भाजपा के आगे रहने का अनुमान लगाया गया है।

'टीवी9-पोलस्ट्रेट' के सर्वेक्षण के अनुसार, राजस्थान में भाजपा 100 से 110 सीटें हासिल करके सरकार बना सकती है तो सत्तारूढ़ कांग्रेस को 90 से 100 सीटें मिल सकती हैं। इस सर्वे में कहा गया है कि राजस्थान में अन्य को पांच से 15 सीटें हासिल हो सकती हैं।

'टाइम्स नाउ-ईटीजी' के एग्जिट पोल में कहा गया है कि राजस्थान में भाजपा 108 से 128 सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है जबकि कांग्रेस को 56 से 72 सीटों के साथ संतोष करना पड़ सकता है।

'इंडिया टुडे-एक्सिस मॉय इंडिया' के सर्वेक्षण के अनुसार, राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस 42 प्रतिशत मतों के साथ 86 से 106 सीटें हासिल कर सकती है तो भाजपा को 41 प्रतिशत मतों के साथ 80 से 100 सीटें हासिल हो सकती हैं।

'न्यूज 24-टुडेज चाणक्या' के एग्जिट पोल के मुताबिक, मध्य प्रदेश में भाजपा को 45 प्रतिशत मतों के साथ 151 सीटें मिल सकती हैं तो भाजपा को 38 प्रतिशत मतों के साथ 74 सीटों से संतोष करना पड़ सकता है।

'टीवी9-पोलस्ट्रेट' के एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में कांग्रेस को निर्णायक बढ़त मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसके मुताबिक, कांग्रेस को 230 सदस्यीय विधानसभा में 111-121 सीटें मिल सकती हैं तो भाजपा के खाते में 106-116 सीटें जा सकती हैं।

'इंडिया टीवी-सीएनएक्स' के एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में कांटे का मुकाबले का अनुमान लगाया गया है, लेकिन भाजपा को बढ़त दिखाई गई है। इसके अनुसार, भाजपा को 116 तो कांग्रेस को 11 सीटें मिल सकती हैं।

'रिपब्लिक-मैट्रिज' के एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसके मुताबिक, भाजपा को 118-130 सीटें मिल सकती हैं तो कांग्रेस को 97 से 107 सीटें हासिल हो सकती हैं।

'न्यूज 24-टुडेज चाणक्या' के एग्जिट पोल के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की एक बार फिर से पूर्ण बहुमत की सरकार बन सकती है। इस सर्वेक्षण के आंकड़े के अनुसार, कांग्रेस 57 सीटें हासिल कर सकती हैं तो भाजपा को 33 सीटें मिल सकती हैं।

'इंडिया टुडे-एक्सिस मॉय इंडिया' के एग्जिट पोल के अनुसार, छत्तीसगढ़ की 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस को 42 प्रतिशत मतों के साथ 40 से 50 सीटें मिल सकती हैं तो भाजपा को 41 प्रतिशत वोट के साथ 36 से 46 सीटें हासिल हो सकती हैं।

## 'भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली व्यवस्था समाप्त हो चुकी है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ऐसे समय में भूमि, समुद्र, वायु और अंतरिक्ष के क्षेत्र में देशों की अग्रणी पंक्ति'' में खड़ा है, जब देश में एक ऐसी व्यवस्था है जो सभी के लिए समान अवसर को प्रोत्साहित करती है। धनखड़ ने कहा कि व्यापक स्तर पर बदलाव लाने वाली प्रौद्योगिकियों ने पैठ बनायी है और ऐसा पहली बार हुआ है कि भारत उन अग्रणी देशों में शामिल है जो इस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



लोक प्रशासन पर एक पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रौद्योगिकी में भारत की उपलब्धि का प्रदर्शन पिछले साल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के जलावतरण और कई स्वदेशी रक्षा उपकरणों के विकास से हुआ। उन्होंने हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हल्के लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''जब आपने अपना करियर शुरू किया था, हमारे देश में एक ऐसी व्यवस्था थी जिसमें दुर्भाग्य से संरक्षण का एक तत्व, भ्रष्टाचार का एक तत्व अंतर्निहित था।

## भारत ने 150 से ज्यादा प्रचंड हेलीकॉप्टर व 97 तेजस विमानों की खरीद को मंजूरी दी

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने सशस्त्र बलों की समग्र लड़ाकू क्षमता को बढ़ावा देने के लिए 97 तेजस हल्के लड़ाकू विमानों और लगभग 150 प्रचंड हेलीकॉप्टर की अतिरिक्त खेप की खरीद के लिए बृहस्पतिवार को प्रारंभिक मंजूरी दे दी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने अपने सुखोई-30 लड़ाकू बेड़े को उन्नत करने के लिए भारतीय वायु सेना के एक प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। मेगा खरीद परियोजनाओं और सुखोई-30 उन्नयन कार्यक्रम से सरकारी खजाने पर 1.3 लाख करोड़ रुपये की लागत आने की उम्मीद है। उम्मीद है कि रक्षा मंत्रालय जल्द ही डीएसी द्वारा मंजूर परियोजनाओं का विवरण प्रदान करेगा।

## नारी, युवा, किसान और गरीब का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'विकसित भारत' का संकल्प नारी, युवा, किसान और गरीब के चार 'अमृत स्तंभों' पर टिका है और यही चार उनके लिए सबसे बड़ी जातियां हैं जिनका उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ये चारों जातियां जब सारी समस्याओं से मुक्त होंगी और सशक्त होंगी तो स्वाभाविक रूप से देश की हर जाति सशक्त होगी, पूरा देश सशक्त होगा।

प्रधानमंत्री ने यह दावा भी किया कि 10 साल तक उनके काम को देखने के बाद लोगों को उनकी सरकार पर अपार विश्वास है। उन्होंने पिछली सरकारों पर खुद को नागरिकों का 'माई-बाप' मानने और वोट बैंक को ध्यान में रखकर काम करने का आरोप भी लगाया।

जाति को लेकर प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब



आगामी लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दल जाति आधारित जनगणना को मुद्दा बनाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से संवाद किया और 'प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र' के साथ ही देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने की परियोजना की शुरुआत की। उन्होंने झारखंड के देवघर में 10,000वें जन औषधि केंद्र को जनता के लिए समर्पित भी किया। मोदी ने कहा, ''विकसित भारत का संकल्प चार अमृत स्तंभों पर टिका है। ये अमृत स्तंभ हैं - हमारी नारीशक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- गरीब। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- युवा। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- महिलाएं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- किसान।'' उन्होंने कहा कि इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा।

## अभी तक स्पष्ट नहीं कि पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघर्ष विराम क्यों तोड़ा : बीएसएफ महानिदेशक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हजारीबाग (झारखंड)/भाषा।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लंबे समय से जारी संघर्ष विराम को हाल में क्यों तोड़ा। उन्होंने कहा कि 'फ्लैग मीटिंग' के दौरान पाकिस्तान के अधिकारियों ने कोई



'विश्वसनीय' स्पष्टीकरण नहीं दिया।

अग्रवाल बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर झारखंड के हजारीबाग के मेरु क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के शिविर में वार्षिक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से बात कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यहां शुक्रवार को आयोजित परेड की सलामी लेने का कार्यक्रम है। बीएसएफ महानिदेशक ने कहा, ''जहां तक संघर्ष विराम उल्लंघन की बात है, हमें कुछ नहीं पता... हम हर पहलू का विश्लेषण कर रहे हैं। फ्लैग मीटिंग के दौरान, उन्होंने (पाक रेंजर्स ने) इसके (संघर्ष विराम उल्लंघन के) कारण बताए, लेकिन वे बिल्कुल भी आश्वस्त करने वाले नहीं थे।'' उन्होंने कहा, ''वे (पाक रेंजर्स) खुद इस बारे में आश्वस्त नहीं लग रहे हैं।

## पूर्वी यूक्रेन में दागी गईं रूसी मिसाइलों ने इमारतों को तबाह किया, कई परिवार मलबे में दबे

**कीव/एपी।** रूसी मिसाइलों ने पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र में कई आवासीय इमारतों को तबाह कर दिया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई परिवार मलबे के नीचे दब गए। रूसी बल लंबी दूरी के हथियारों के साथ इस क्षेत्र पर हमला जारी रखे हुए हैं। यूक्रेन के स्थानीय अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लीमेन्को ने कहा कि रूसी सैन्य इकाइयों ने रात में एक साथ छह एस-300 मिसाइलें दागीं।

मिसाइलें दोनेत्स्क क्षेत्र के तीन शहरों में गिरीं जिनमें पोकरोव्स्क, नोवोहरोदिवका और मिर्नोहराद हैं। अधिकारियों ने कहा कि आपातकालीन कर्मियों ने नोवोहरोदिवका की एक तबाह हुई बहुमंजिला इमारत के मलबे से 62 वर्षीय व्यक्ति के शव को निकाला। उन्होंने बताया कि मलबे में एक बच्चे समेत चार और लोग दबे हो सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पोकरोव्स्क में इन हमलों में एक बहुमंजिला इमारत, नौ मकान, एक पुलिस दफ्तर और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। आपातकालीन कर्मियों ने एक व्यक्ति को बचाया जो खून से लथपथ था और उसके हाथों में छह महीने का बच्चा था।

## इजराइल-हमास के बीच युद्धविराम एक दिन के लिए और बढ़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राफा (गाजा पट्टी)/एपी।** इजराइल और हमास अस्थायी युद्धविराम एक दिन और बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं जिसकी समयसीमा बृहस्पतिवार को समाप्त हो रही थी। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम बृहस्पतिवार सुबह सात बजे समाप्त होने वाला था लेकिन इसके कुछ मिनट पहले ही यह जानकारी सामने आई कि युद्धविराम एक दिन के लिए बढ़ गया है।

कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्धविराम की शर्तें पहले वाली ही रहेंगी जिसके तहत हमास 10 इजराइली बंधकों को प्रतिदिन रिहा कर रहा है और बदले में इजराइल 30 फलस्तीनी कैदियों को छोड़ रहा है। कतर ने युद्धविराम के लिए इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई है।

गाजा में इजराइली बमबारी और जमीनी अभियान के बाद युद्धविराम को यथासंभव लंबे समय तक जारी रखने का अंतरराष्ट्रीय दबाव है। अब तक हमलों में हजारों फलस्तीनियों की मौत हुई है, बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं और मानवीय संकट पैदा हुआ है।

युद्ध से पूरे क्षेत्र में तनाव है। बृहस्पतिवार सुबह दो बंदूकधारियों ने एक राजमार्ग में बस और अन्य वाहनों का इंतजार कर रहे लोगों पर गोलियां चलाईं। इजराइल की आपातकालीन सेवा 'मैगेड डेविड एडोम' ने कहा कि एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए जिनमें एक की हालत गंभीर है । पुलिस ने बताया कि दोनों हमलावर मारे गए।

युद्धविराम बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों में अंतिम वक्त में गतिरोध हुआ। हमास ने कहा कि इजराइल ने उसकी एक प्रस्तावित सूची को खारिज कर दिया जिसमें सात कैदियों के नाम थे और इजराइल के हवाई हमलों में मारे गए तीन लोगों के अवशेष लौटाने का जिक्र था। इजराइल ने बाद में कहा कि हमास ने फिर संशोधित सूची सौंपी जिससे युद्धविराम को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। माना जा रहा है कि युद्धविराम की आगे की शर्तें अधिक कठिन हो सकती हैं क्योंकि हमास द्वारा बंधक बनाए गए अधिकतर महिलाओं और बच्चों की रिहाई हो गई है और हमास की ओर से सैनिकों तथा पुरुषों को रिहा करने के एवज में बड़ी मांगे रखी जा सकती हैं।

### यरुशलम में गोलीबारी में तीन की मौत, सातवें दिन युद्ध विराम की स्थिति नाजुक

**यरुशलम/भाषा।** यरुशलम के एक बस स्टॉप पर फलस्तीनी बंदूकधारियों की गोलीबारी में कम से कम तीन इजराइली मारे गए और छह अन्य घायल हो गए, जिससे क्षेत्र में हिंसा के मौजूदा दौर के फैलने के बाद से शहर में अल्पकालिक शांति भंग हो गई। इजराइल की पुलिस ने कहा, ''सुबह लगभग सात बजकर 40 मिनट (स्थानीय समयानुसार) पर दो फलस्तीनी बंदूकधारी राजधानी के मुख्य प्रवेश द्वार की वीजमैन स्ट्रीट पर एक वाहन से बाहर निकले और एक बस स्टॉप पर मौजूद लोगों पर गोलियां चला दीं।'' पुलिस और चिकित्सकों ने कहा कि यरुशलम के प्रवेश द्वार पर एक आतंकवादी गोलीबारी हमले में तीन लोग मारे गए और छह घायल हो गए, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं।

बताया जाता है कि क्षेत्र में दो ऑफ-ड्यूटी (ड्यूटी पर मौजूद नहीं) सैनिकों और एक सशस्त्र आम नागरिक ने जवाबी गोलीबारी की, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए।

# मुर्मू ने एनडीए पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया, महिला कैडेट के पहले बैच की भागीदारी की सराहना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे (महाराष्ट्र)/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को पुणे के खडकवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 145वें कोर्स की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया और मार्च करने वाले दल में शामिल महिला कैडेट के पहले बैच की भागीदारी की सराहना की।

मुर्मू ने इसे ऐतिहासिक दिन बताते हुए सभी महिला कैडेट को शुभकामनाएं दीं, साथ ही कहा कि आज बेटियों को अपनी पसंद का करियर चुनने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एनडीए ''नेतृत्व को संवारने वाला स्थल'' है । उन्होंने कैडेट से भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए नई तकनीकों को सीखकर और अपनाकर आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने कहा, ''हमारी सेनाएं देश की एकता और अखंडता की भावना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वाली किसी भी बाहरी या आंतरिक स्थिति का सामना करने में पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं।''

पासिंग आउट परेड में लगभग 15 महिला कैडेट ने अपने पुरुष समकक्षों के साथ भाग लिया।

इससे पहले एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि देश के प्रमुख त्रि-सेवा संस्थान एनडीए, खडकवासला में पिछले साल 19 महिला कैडेट का पहला बैच शामिल हुआ, जिनके सैन्य-सह-शैक्षणिक प्रशिक्षण का वर्तमान में दूसरा वर्ष है। इस संस्थान ने देश को बेहतरीन सैन्य अधिकारी दिए हैं ।

अधिकारी ने कहा कि दूसरे और तीसरे वर्ष के कैडेट पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेते हैं।

सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति मुर्मू ने बृहस्पतिवार को अपना कोर्स पूरा करने वाले सभी कैडेट को बधाई दी। उन्होंने मार्च दल में शामिल महिला कैडेट को भी बधाई दी। मुर्मू ने कहा, ''मुझे बताया गया कि 2022 से अकादमी में महिला कैडेट का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। आज पहली बार महिला कैडेट मार्चिंग दल का हिस्सा बनीं।'' उन्होंने कहा, ''आज एक ऐतिहासिक दिन है और मुझे यकीन है कि महिला कैडेट एनडीए और देश का नाम नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।'' मुर्मू ने मित्र देशों के विदेशी कैडेट को भी उनका कोर्स पूरा होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि एनडीए ''नेतृत्व को संवारने वाला स्थल'' है जो महान योद्धाओं को जन्म देता है। उन्होंने कहा, ''इस अकादमी का देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में एक विशेष स्थान है और इसे सशस्त्र बलों और देश के लिए एक मजबूत स्तंभ के रूप में पहचाना जाता है।''

मुर्मू ने विश्वास जताया कि एनडीए से प्राप्त प्रशिक्षण और जीवन मूल्य कैडेट को जीवन में हमेशा आगे बढ़ने में मदद करेंगे। उन्होंने कैडेट से भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए नई तकनीकों को सीखकर और अपनाकर आगे बढ़ने को कहा।

## रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ अमेरिका, एचडीएफसी बैंक पर जुर्माना लगाया

**मुंबई/भाषा।** रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए बैंक ऑफ अमेरिका और एचडीएफसी बैंक लिमिटेड पर 10,000-10,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। एक बयान में कहा गया कि फेमा (विदेशी विनिमय प्रबंधन कानून) 1999 की उदारीकृत धनप्रेषण योजना के तहत सूचना उपलब्ध कराने की आवश्यकताओं पर भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के उल्लंघन के लिए बैंक ऑफ अमेरिका, एनए पर जुर्माना लगाया गया है।

एक अन्य बयान में, केंद्रीय बैंक ने कहा कि एचडीएफसी बैंक पर जुर्माना प्रवासियों से जमा स्वीकार करने को लेकर निर्देशों के उल्लंघन के लिए लगाया गया है।

इसके अलावा, विभिन्न नियामक मानदंडों का अनुपालन नहीं करने पर पांच सहकारी बैंकों पर जुर्माना लगाया गया है।

जिन सहकारी बैंकों पर जुर्माना लगाया गया है, उनमें द पाटलिपुत्र सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक, बिहार, बालासोर भद्रक सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक, ओडिशा, ध्रांगध्रा पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक, गुजरात, पाटन नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, गुजरात और मंडल नागरिक सहकारी बैंक, गुजरात शामिल हैं।



## स्वयं सहायता समूह की महिलाएं खुद आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ अन्य को भी दे रही हैं रोजगार : खट्टर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**फरीदाबाद/भाषा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बृहस्पतिवार को कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार प्रदान कर रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से संवाद किया और 'प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र' के साथ ही देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने की परियोजना की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने फरीदाबाद के फतेहपुर बिल्लौच में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का नेतृत्व किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 'विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ' को रवाना किया और प्रधानमंत्री मोदी के देश को दिए गए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के संबोधन को सुना। खट्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरियाणा में जनसंवाद कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा, ''स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल स्वयं आत्मनिर्भर हो रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार प्रदान कर रही हैं।

## कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे स्थिर होने पर होगा पेट्रोल, डीजल कीमतों में संशोधन

**नई दिल्ली/भाषा।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दैनिक आधार पर संशोधन तभी शुरू करेंगी, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से नीचे स्थिर हो जाएंगी। उद्योग के अधिकारियों ने यह बात कही। तीन सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं - इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने लगातार 20वें महीने पेट्रोल और डीजल की कीमतों को स्थिर रखा है। इन तीनों कंपनियों के पास संयुक्त रूप से लगभग 90 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है।

वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते इस कंपनियों को भारी नुकसान हुआ। हालांकि, इससे पहले कीमतों में नरमी के कारण इन कंपनियों ने मुनाफा भी कमाया। एक अधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में काफी अस्थिरता है और कीमतों में बेतहाशा उतार-चढ़ाव हो रहा है। उन्होंने कहा, 'तेल कंपनियां इस समय कीमतों में एक रुपये प्रति लीटर की कटौती कर सकती हैं और ऐसा करने पर हर कोई तारीफ करेगा। लेकिन, जब अंतराष्ट्रीय स्तर पर तेल कीमतें बढ़ेंगी, तो क्या उन्हें दरें बढ़ाने की अनुमति दी जाएगी, इस पर संदेह है।' एक अन्य अधिकारी ने कहा, 'किसी दिन डीजल पर मुनाफा होता है, लेकिन किसी दिन नुकसान। कोई तय रुझान नहीं है।' अधिकारी ने कहा कि तेल विपणन कंपनियां कीमतों में दैनिक आधार पर संशोधन तभी शुरू करेंगी, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से नीचे स्थिर हो जाएंगी।

## गिरफ्तार होने पर केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए या नहीं - लोगों की राय लेगी आप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी एक से 20 दिसंबर के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाएगी ताकि लोगों की प्रतिक्रिया ली जा सके कि भाजपा की साजिश के तहत गिरफ्तार किए जाने की स्थिति में क्या अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। राय ने आरोप लगाया कि भाजपा ने आप को खत्म करने की उम्मीद से केजरीवाल को फर्जी शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार करने का षडयंत्र रचा है। राय पार्टी सांसद राघव चड्ढा के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

राय ने कहा कि शुक्रवार से ''मैं भी केजरीवाल'' अभियान के तहत, पार्टी के स्वयंसेवक दिल्ली के सभी 2,600 मतदान केंद्रों पर जाएंगे और लोगों के हस्ताक्षर लेते हुए उनकी राय पूछी जाएगी कि अगर केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया तो क्या उन्हें मुख्यमंत्री का पद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने पार्टी विधायकों और पार्षदों से मुलाकात कर इस मुद्दे पर उनकी राय मांगी थी और इस बात पर सर्वसम्मति थी कि उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए और जेल से ही सरकार चलानी चाहिए।

राय ने कहा कि पार्टी 21 दिसंबर से 24 दिसंबर के बीच शहर के हर वार्ड में जनसंवाद आयोजित करेगी, जिसमें लोगों से कथित शराब घोटाले के साथ-साथ केजरीवाल को गिरफ्तार कराने की भाजपा की साजिश पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों की राय भी ली जाएगी कि अगर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया तो क्या उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए।

## शीर्ष आठ शहरों में जुलाई-सितंबर में आवासीय बिक्री 22 प्रतिशत बढ़ी : प्रॉपटाइगर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** बेहतर उपभोक्ता मांग के दम पर जुलाई-सितंबर में आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री में सालाना आधार पर 22 प्रतिशत और नई परियोजनाएं शुरू करने की दर में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रियल एस्टेट डिजिटल मंच प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने यह जानकारी दी।

आरईए इंडिया के स्वामित्व वाले हाउसिंग ब्रोकरेज मंच प्रॉपटाइगर ने बृहस्पतिवार को अपनी 'रियल इनसाइट रेजिडेंशियल- जुलाई-सितंबर 2023' रिपोर्ट जारी की। आरईए इंडिया के पास हाउसिंग डॉट कॉम और मकान डॉट कॉम का भी स्वामित्व है। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल की तीसरी तिमाही में आठ प्रमुख शहरों दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर), चेन्नई, कोलकाता, बेंगलूरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद में आवासीय इकाइयों की बिक्री बढ़कर 1,01,220 इकाई हो गई। पिछले साल समान अवधि में यह 83,220 इकाई थी।

चेन्नई के अलावा सभी शहरों में बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई। मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) और पुणे की कुल बिक्री में बेहद कम हिस्सेदारी रही। समीक्षाधीन अवधि में नई परियोजनाओं को जारी करने की दर में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान 1,23,080 इकाई पेश की गईं, जबकि पिछले साल समान अवधि में 1,04,820 इकाइयां जारी की गईं थी। आरईए इंडिया के मुख्य वित्त अधिकारी एवं प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के प्रमुख (व्यवसाय) विकास वाधवान ने कहा, '' शीर्ष आठ शहरों के आवासीय बाजारों में तेजी जारी है। सकारात्मक उपभोक्ता भावना से मजबूत मांग को बल मिला है।'' उन्होंने बिक्री में वृद्धि के लिए बढ़ी हुई प्रयोज्य आय, स्थिर ब्याज दरें और निवेशक मांग जैसे कारकों को श्रेय दिया।

## ईडी ने 250 करोड़ रु. के धनशोधन मामले में जम्मू कश्मीर में छापे मारे

**श्रीनगर/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय ने 250 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर में छह स्थानों में छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें 'जम्मू कश्मीर स्टेट कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड' के पूर्व अध्यक्ष के परिसर पर छापे भी शामिल हैं। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि ये मामला जम्मू कश्मीर बैंक से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि काल्पनिक आवासीय सोसाइटी 'रिवर झेलम कॉपरेटिव हाउसिंग बिल्डिंग सोसाइटी' के नाम पर फर्जीवाडा हुआ था।

अधिकारियों ने बताया कि ईडी के श्रीनगर कार्यालय ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत छापे मारे। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इस मामले में काल्पनिक आवासीय सोसाइटी के अध्यक्ष हिलाल ए मीर, जे-के राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के तत्कालीन अध्यक्ष मोहम्मद शफी डार और अन्य के खिलाफ अगस्त 2020 में आरोप पत्र दाखिल किया था।

एसीबी की जांच के अनुसार मीर ने सहकारी समितियों के प्रशासन विभाग के सचिव सहकारिता को एक आवेदन दिया था और श्रीनगर के बाहरी इलाके में सैटेलाइट टाउनशिप के निर्माण के लिए 37.5 एकड़ भूमि का कब्जा लेने के वास्ते 300 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने के निर्देश जे-के सहकारी बैंक लिमिटेड को देने का अनुरोध किया था। श्रीनगर में जे-के सहकारी बैंक ने औपचारिकताओं को दरकिनार करते हुए 223 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर कर लिया।

## हिंसा बढ़ाने के उद्देश्य से दिए गए बयानों, बैठकों की जांच की जाएगी: जम्मू कश्मीर के डीजीपी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जम्मू/भाषा।** जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर आर स्वैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बयान-चाहे वे अभिव्यक्ति और असहमति की स्वतंत्रता के अंतर्गत आते हों या हिंसा बढ़ाने की साजिश से जुड़े हों, उनकी जांच की जाएगी। स्वैन ने यह भी स्पष्ट किया कि ''पिछले दरवाजे से गड़बड़ी'' की किसी भी मंशा को उजागर करने के लिए ऐसे बयानों की जांच की जाएगी, संवाद का पता लगाया जाएगा और चर्चाओं तथा बैठकों की जांच की जाएगी।

स्वैन ने संवाददाताओं से कहा, ''जिम्मेदार या गैर-जिम्मेदाराना बयान-चाहे वह अभिव्यक्ति और असहमति की स्वतंत्रता का हिस्सा हों या यह हिंसा के दायरे को और बढ़ाने के लिए कुछ तत्वों के साथ साजिश या मिलीभगत का हिस्सा हों-ऐसा कुछ भी हो, जांच का विषय होगा।'' उन्होंने कहा, ''इसका पता लगाया जा सकता है, संवाद का पता लगाया जा सकता है, चर्चाओं और बैठकों की जांच की जा सकती है- अगर यह सब पिछले दरवाजे से हुआ है।'' स्वैन पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती सहित विभिन्न नेताओं के बयानों के बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

स्वैन ने एक छात्र द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले कथित सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मंगलवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी)-श्रीनगर में हुए विरोध प्रदर्शन पर भी बात की। प्रदर्शनकारियों ने गैर-स्थानीय छात्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की, जिसे बाद में छुट्टी पर घर भेज दिया गया।

डीजीपी ने कहा, ''मैं बस इतना कह सकता हूं कि कानून इस अर्थ में काम करेगा कि यदि कोई विशेष कृत्य जानबूझकर किसी झूठ को आगे बढ़ाने के दुर्भावनापूर्ण इरादे से किया गया है। उस झूठ से जान-माल की हानि होती है, आगे हिंसा होती है और नागरिकों पर हमले, भय, आतंक और धमकी के मामले में कानून स्वयं यह स्पष्ट करता है कि उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा।''

## जम्मू में किशोर का अपहरण करने के बाद हत्या

**जम्मू/भाषा।** जम्मू के जानीपुर इलाके में कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए घर से निकले एक किशोर का कथित तौर पर अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक पुलिस ने इस मामले में बृहस्पतिवार को किश्तवाड़ के रहने वाले सतिंदर कुमार (23) को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक प्रह्लाद सिंह नाम के एक व्यक्ति ने बताया कि उनके 19 साल के बेटे राघव जाम्वाल उर्फ रघु का मंगलवार को अपहरण कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि राघव कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए जानीपुर गया था लेकिन वहां नहीं पहुंचा। पुलिस की टीम तुरंत इलाके में निकल गईं और पता चला कि राघव जानीपुर स्थित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र नहीं पहुंचा है। घटना के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी और पुलिस मानवीय सूत्रों से प्राप्त और तकनीकी खुफिया जानकारी के माध्यम से अपहरणकर्ता तक पहुंची। अपहरणकर्ता को पटोली स्थित उसके किराये के आवास से पकड़ा गया। राघव का शव रायपुर खारी-जगती लिंक रोड से सटे एक वन क्षेत्र से बरामद किया गया जहां कोई बस्ती नहीं है।

## गुजरात में खराब आयुर्वेदिक सिरप पीने से 5 लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नडियाड (गुजरात)/भाषा।** गुजरात के खेड़ा जिले में कथित तौर पर मिथाइल अल्कोहल युक्त आयुर्वेदिक सिरप पीने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खेड़ा के पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया ने बताया कि इन लोगों की मौत 28 और 29 नवंबर को हुईं।

मिथाइल अल्कोहल एक जहरीला पदार्थ है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि खेड़ा जिले में नडियाड शहर के निकट बिलोदरा गांव में एक दुकानदार द्वारा 'कालमेघसव-आसव अरिष्ट' नामक आयुर्वेदिक सिरप लगभग 50 लोगों को बेचा गया था। अधिकारियों के मुताबिक, शराब के आदी लोग कभी-कभी ऐसे औषधीय सिरप का दुरुपयोग करते हैं। गौरतलब है कि गुजरात में शराबबंदी लागू है। पुलिस अधीक्षक गढ़िया ने कहा, ''पिछले दो दिन में सिरप पीने से पांच लोगों की मौत हो चुकी है और दो अन्य का अभी भी इलाज किया जा रहा है। हमने विस्तृत पूछताछ के लिए दुकानदार सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है।'' उन्होंने कहा कि बिलोदरा और बगडू गांव में पांच लोगों की मौत की जानकारी मिलने पर पुलिस ने बुधवार दोपहर जांच शुरू की। खेड़ा पुलिस ने एक विज्ञप्ति में बताया कि मितेश चौहान (27) बगडू गांव में अपनी बहन के घर पर रात में रुके थे और उन्होंने 28 नवंबर की सुबह चक्कर आने की शिकायत की।

विज्ञप्ति के अनुसार जब उनके जीजा अल्पेश सोढ़ा उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे तो उनकी हालत बिगड़ गई और रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

इसमें कहा गया है कि जब चौहान का अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तो सोढ़ा ने भी बेचैनी की शिकायत की और उन्हें महमदवाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और बुधवार की शाम उनकी भी मौत हो गई।

## केसोराम के सीमेंट कारोबार का अधिग्रहण करेगी अल्ट्राटेक

**कोलकाता/भाषा।** एवी बिड़ला समूह की सीमेंट बनाने वाली कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट शेयर अदला-बदली सौदे के तहत बीके बिड़ला समूह की प्रमुख केसोराम इंडस्ट्रीज के सीमेंट कारोबार का अधिग्रहण करेगी।

केसोराम इंडस्ट्रीज का कर्ज समेत कुल मूल्यांकन लगभग 7,600 करोड़ रुपये है।

केसोराम ने शेयर बाजार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने शेयरों की अदला-बदली के जरिये अपने सीमेंट कारोबार का विनिवेश करने के प्रस्ताव को मंजूदी दे दी है। उसके शेयरधारकों को केसोराम के 52 शेयरों के बदले अल्ट्राटेक सीमेंट का एक शेयर मिलेगा।

केसोराम का एक शेयर 10 रुपये का है।

केसोराम की वर्तमान में कर्नाटक के सेदम और तेलंगाना के बसंतनगर में दो एकीकृत सीमेंट इकाइयां हैं, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 1.07 करोड़ टन है और साथ ही सोलापुर, महाराष्ट्र में 6.6 लाख टन क्षमता का पैकिंग संयंत्र भी है।

## केंद्र की सत्ता में आए तो राजस्थान की तरह स्वास्थ्य बीमा योजना पूरे देश में लागू करेंगे: राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**वायनाड (केरल)/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजस्थान सरकार द्वारा गरीबों के लिए शुरू किए गए स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम की तारीफ करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यदि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आई तो पूरे देश में ऐसी योजना लागू की जाएगी।

गांधी ने स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में असमानता का उल्लेख करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न लोग बड़े अस्पतालों में बेहतरीन इलाज करवा सकते हैं, वहीं वित्तीय संसाधनों के अभाव में लोगों को कैंसर और हृदय रोग जैसी बीमारियों से निपटने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के सुल्तान बथेरी में स्थित एक निजी अस्पताल के नये खंड के उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विपदाओं के सबसे बड़े पीड़ित अक्सर गरीब लोग होते हैं। उन्होंने इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के पुन: मूल्यांकन की जरूरत रेखांकित की।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''मैं पूरे भारत में बहुत घूमता हूं और मैं देखता हूं कि चिकित्सा विपदाओं के सबसे बड़े शिकार गरीब लोग होते हैं। आपके पास पैसे हैं तो आप हमेशा अच्छे अस्पताल में इलाज करा सकते हैं।'' पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार को, गरीबों को बुनियादी गारंटी के तौर पर किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं देने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमें स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के बारे में सोचने के अपने तरीके पर राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्विचार करना होगा और मेरा मानना है कि देश की सरकार को जिस एक गारंटी के बारे में सोचना चाहिए, वह वास्तव में कम मूल्य पर, विशेष रूप से गरीबों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के बारे में हो।'' कांग्रेस ने राजस्थान में अपनी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की तारीफ करते हुए इसे पूरे देश के लिए 'मॉडल' बताया।

## आयोग को पांच राज्यों के चुनावों में कई बार कसनी पड़ी नकेल, 1760 करोड़ रु से अधिक की जब्ती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में सभी पार्टियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कई मौकों पर सख्ती बरती। अधिकारियों ने इस दौरान मुफ्त में बांटी जाने वाली बहुत सी चीजें, ड्रग, नकदी और शराब जब्त की जिनकी कीमत 1766 करोड़ से अधिक है तथा इनका इस्तेमाल मतदाताओं को लुभाने के लिए किया जाना था। स्थानीय चुनाव मशीनरी की शिकायतों और सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने कई प्रमुख नेताओं को कारण बताओ नोटिस और सलाह जारी की कि वे आचार संहिता के प्रावधानों का पालन करें।

तेलंगाना के वित्त मंत्री हरीश राव द्वारा 'रायथु बंधु' योजना के तहत किस्त जारी करने के बारे में घोषणा किए जाने को आचार संहिता का उल्लंघन माना गया। आयोग ने प्रदेश में रबी फसलों के लिए किसानों को वित्तीय सहायता के वितरण के लिए तेलंगाना सरकार को दी गई अनुमति वापस ले ली। निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को कुछ शर्तों के आधार पर आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान रबी फसलों के लिए किस्त का भुगतान करने की मंजूरी दे दी थी। आयोग ने सरकार से 5 दिसंबर तक इन पांच राज्यों में योजनाओं और पहलों पर अपने व्यापक संपर्क कार्यक्रम, प्रस्तावित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को रोकने के लिए भी कहा था। सरकार ने स्पष्ट कर दिया था कि आदर्श आचार संहिता लागू होने तक यात्रा चुनाव वाले राज्यों को कवर नहीं करेगी। प्रतिद्वंद्वी दलों की शिकायतों के आधार पर आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, उनकी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और बीआरएस प्रमुख तथा तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया।



# उत्तर तमिलनाडु में हल्की वर्षा, भारी बारिश से चेन्नई व आसपास के इलाकों में भरा पानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के उत्तरी तटीय क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हल्की बारिश हुई, जबकि चेन्नई शहर और आसपास के कई हिस्सों में तेज़ बारिश के कारण कई इलाकों में पानी भर गया जिससे यातायात बाधित हुआ और लोगों को परेशानी हुई। चेन्नई और उसके उपनगरों में बुधवार को 10 सेंटीमीटर (सेमी) से 19 सेमी तक की भारी वर्षा के बाद, कई रिहायशी इलाकों, मुख्य सड़कों और प्रमुख चौराहे पानी भर गया। राजधानी के कई हिस्सों और आसपास के तिरुवल्लुर, कांचीपुरम और चेंगलपेट जिलों में यातायात जाम देखा गया।

रात भर बारिश जारी रहने की वजह से स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई। साथ ही निचले इलाकों में स्थित कुछ घरों में पानी घुस गया और बिजली भी गुल हो गई।

## चेन्नई और पड़ोसी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी : मौसम विभाग

**चेन्नई।** क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुरुवार को इन जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका जताई जा सकती है। अन्य जिले येलो अलर्ट पर हैं और अन्य क्षेत्रों में भारी वर्षा की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और निकटवर्ती दक्षिण अंडमान सागर क्षेत्रों पर बना गहरा दबाव पश्चिम-उत्तरपश्चिम दिशा में आगे बढ़ गया और गुरुवार सुबह बंगाल की खाड़ी के दक्षिणपूर्व पर हावी हो गया।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने स्थिति की समीक्षा के लिए बृहद चेन्नई निगम (जीसीसी) में शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। स्टालिन ने जीसीसी के कमान एवं नियंत्रण केंद्र में संपर्क करने वाले लोगों से फोन पर बात भी की और अधिकारियों को तुरंत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि तिरुवल्लूर में सबसे ज्यादा 19 सेमी बारिश हुई है। चेन्नई और आसपास के जिलों के अलावा, कुड्डालोर और विल्लुपुरम सहित तमिलनाडु के उत्तरी तटीय क्षेत्र के कई अन्य हिस्सों में बारिश हुई। तंजावुर सहित कावेरी डेल्टा क्षेत्रों में बुधवार को दो सेमी से तीन सेमी वर्षा हुई।

वर्षा के पानी को निकालने के लिए किए जा रहे काम का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, स्वास्थ्य मंत्री एम. सुब्रमण्यम ने कहा कि बहुत भारी बारिश के बावजूद, 'बड़े पैमाने पर' जलभराव नहीं हुआ।

## स्मार्ट सिटीज मिशन

# चेन्नई प्रमुख बुनियादी ढांचे के विकास के साथ परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** पैदल यात्रियों के लिए अनुकूल सड़कें, स्मार्ट कक्षाएं, दिव्यांग बच्चों के लिए पार्क, साइकिल ट्रैक, आधुनिक यातायात प्रणाली और जल निकायों का कायाकल्प आदि स्मार्ट सिटीज मिशन' के तहत चेन्नई में बदलाव के लिए शुरू की गई कुछ परियोजनाएं हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विल्लीवाक्कम झील पर कांच के फर्श वाला एक झूला पुल भी ऐसी परियोजनाओं में से एक है।

एक अधिकारी ने बताया कि प्रायोगिक परियोजना के तहत कोट्टूर क्षेत्र में वृहद चेन्नई निगम (जीसीसी) द्वारा संचालित एक स्कूल के छात्रों को टैबलेट प्रदान किए गए हैं, जिनके माध्यम से उन्हें उनके शिक्षक पढ़ाते हैं। अगर यह विचार सफल रहा तो इसे अन्य स्कूलों में भी लागू किया जाएगा। तमिलनाडु के अतिरिक्त मुख्य सचिव और जीसीसी आयुक्त जे राधाकृष्णन ने कहा कि 'स्मार्ट सिटीज मिशन' (एससीएम) ने लोगों में काफी उत्साह पैदा किया है और इसीलिए भागीदारी अधिक है। आयुक्त ने कहा कि मिशन के तहत चेन्नई में कई गतिविधियां हो रही हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, विशेष रूप से हमने एक कमान और नियंत्रण केंद्र बनाया है। हम एक बहुत ही महत्वपूर्ण पर्यावरण अनुकूल इमारत का निर्माण कर रहे हैं, जिसे हाल में ग्रेट बिल्डिंग कांग्रेस द्वारा उच्चतम रेटिंग से सम्मानित किया गया था। अधिकारी ने कहा कि स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत 46 परियोजनाओं में से 45 पहले ही पूरी हो चुकी हैं। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के प्रवक्ता राजीव जैन को एससीएम को लागू करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि चेन्नई ने कुछ बहुत ही ''अभिनव'' परियोजनाएं शुरू की हैं। जैन ने बताया, कभी लोगों से भरे रहने वाले पोंडी बाजार क्षेत्र को पैदल यात्री प्लाजा और 230 कारों की क्षमता वाली स्वचालित बहुस्तरीय कार पार्किंग जैसी अन्य सुविधाओं के साथ पूरी तरह से पुनर्विकास किया गया है, जिससे आगंतुकों और दुकानदारों के लिए भी जीवन आसान हो गया है। चेन्नई स्मार्ट सिटीज लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एससीएम के तहत नेपियर पुल के पास बच्चों का एक ट्रैफिक पार्क' बनाया गया है, जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों के बीच यातायात सुरक्षा जागरूकता में सुधार करना है।

# मंत्री पोनमुडी ईडी के सामने पेश हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी बृहस्पतिवार को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता पोनमुडी यहां चेन्नई में ईडी के कार्यालय में पेश हुए। ईडी ने कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन मामले के सिलसिले में जुलाई में पोनमुडी के साथ-साथ उनके बेटे एवं सांसद गौतम सिगमानी से जुड़ी संपत्तियों की तलाशी ली थी। पोनमुडी से ईडी के अधिकारी पहले भी पूछताछ कर चुके हैं।

# वैन और ट्रक की आमने-सामने टक्कर, तीन लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सेलम।** तमिलनाडु के वाझापडी जिले में बृहस्पतिवार को एक पिकअप वैन और एक पार्सल ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि चेन्नई से वाझापडी आ रही पिकअप वैन में सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान वैन के चालक एम प्रवीण कुमार (27), के सुदर्शन (40) और ए प्रकाश (52) के रूप में की गयी है। पुलिस ने बताया कि पार्सल ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था और अत्तूर की ओर जा रहा था। ट्रक के चालक एस पेचिमुथु पांडियन को पैर में चोट आई है और उसे वाझापडी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, यह दुर्घटना आज सुबह सेलम-चेन्नई बाईपास रोड पर वाझापडी के पास हुई। टक्कर से वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

इस दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक पी हरिशंकरी तथा टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वैन से शवों को निकाला। उन्होंने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया और क्षेत्र में यातायात बहाल किया। वाझापडी पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है।



# बेंगलूरु डिविजन द्वारा सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलूरु मंडल ने मंडल रेल प्रबंधक योगेश मोहन के मार्गदर्शन में गुरुवार को नेलमंगला रेलवे स्टेशन में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) गुंटूर की 10वीं बटालियन के सहयोग से एक पूर्ण पैमाने पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया।

मॉक ड्रिल में मेडिकल सिग्नल, इलेक्ट्रिकल, कैरिज एंड वैगन के साथ-साथ रेलवे सुरक्षा बल विभाग के रेलवे कर्मचारियों ने भाग लिया। एनडीआरएफ के 30 बचावकर्मियों, 108 एम्बुलेंस और अन्य हितधारकों ने भी अभ्यास में भाग लिया। शुरुआत करने के लिए, रेलवे ब्रेक-डाउन स्टाफ और एनडीआरएफ टीम ने उपकरणों को प्रदर्शित करने और अभ्यास में बचाए जाने वाले यात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए मॉक अभ्यास स्थल के पास चिकित्सा और उपकरण टेंट स्थापित किए। ठीक 11 बजे सायरन बजाया गया। एनडीआरएफ को एक दुर्घटना संदेश दिया गया था जिसमें कहा गया था कि ट्रेन नंबर 06207 नेलमंगला यार्ड से गुजरते समय पटरी से उतर गई, दो डिब्बे पटरी से उतर गए और उनमें से एक पलट गया और 20 से 30 यात्री डिब्बों के अंदर फंस गए। एनडीआरएफ की टीम आधुनिक उपकरणों के साथ 11.20 बजे पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। यात्रियों को बचाने के लिए खिड़कियां काट दी गईं और कोच के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग की गई। यात्रियों को बाहर निकाला गया और घायलों को रेलवे और एनडीआरएफ की मेडिकल टीम द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। कुल 15 यात्रियों को बचाया गया।अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) नवेद तालिब, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी केवी गोपीनाथ और अन्य अधिकारियों और पर्यवेक्षकों ने अभ्यास की निगरानी की। एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व उपकमांडेंट अखिलेश चौबे ने किया। यह अभ्यास (मॉक ड्रिल) आपातकाल की किसी भी स्थिति में तैयारियों की जांच के लिए आयोजित किया गया था।

## केनरा बैंक ने लॉन्ग टर्म इंफ्रास्ट्रक्चर बांड से 5000 करोड़ जुटाए

**बेंगलूरु।** केनरा बैंक ने लॉन्ग टर्म इंफ्रास्ट्रक्चर बांड जारी कर 7.68% प्रतिवर्ष कूपन दर पर 5,000 करोड़ रु. जुटाए हैं। इस इश्यू को 1,000 करोड़ रु. के बेस इश्यू आकार और 4,000 करोड़ रु. के ग्रीन शू विकल्प के मुकाबले 12,450 करोड़ रु. से अधिक बोलियों के साथ निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। बैंक के दीर्घकालिक इन्फ्रास्ट्रक्चर बांड को केयर रेटिंग्स लि. और इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च लि. द्वारा एएए/स्टेबल रेटिंग दी गई है।

# स्नातकों के हितों की रक्षा के लिए ज्ञापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । स्नातक पदवीधारकों के हितों की रक्षा में कर्नाटक सरकार विफल रही है। प्रतिवर्ष बढ़ रहे स्नातकों को सरकार काम उपलब्ध नहीं करा पा रही है। सभी विभागों में भ्रष्टाचार सुरसा की तरह फैला हुआ है। युवकों की समस्या को सरकार तक पहुंचाने वाला कोई नहीं है।

इस व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रयास करते हुए बेंगलूरु स्नातक क्षेत्र विधान परिषद के उम्मीदवार उदयसिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल थावरचन्द गहलोत को एक ज्ञापन सौंपा। हाई कोर्ट के वकील एवं समाजसेवक उदयसिंह ने सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती परीक्षा को लेकर चल रहे घोटाले के चलते प्रतिभावान विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हो रहे



खिलवाड़ की जानकारी राज्यपाल को दी। उन्होंने सरकार को भर्ती प्रणाली प्रक्रिया में सुधार लाने का निर्देश देना का राज्यपाल से अनुरोध किया। ज्ञापन में कर्नाटक लोकसभा आयोग की कार्य प्रणाली में सुधार के लिए पीसी होटा समिति की सिफारिशों को लागू करने की गुहार लगाई गई है।

# आभूषण डकैती मामले में महिला गिरफ्तार, पति की तलाश जारी, तीन किलो सोना बरामद

**कोयंबतूर।** तमिलनाडु के कोयंबतूर की चर्चित आभूषण की दुकान में हुई डकैती के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है और उसके पास से तीन किलोग्राम सोने के आभूषण बरामद कर लिये हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

कोयंबतूर शहर के पुलिस आयुक्त वी बालाकृष्णन ने बताया कि 100 फुट रोड पर आभूषण की दुकान में डकैती की वारदात को अंजाम देने के मुख्य संदिग्ध महिला के पति का पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए पुलिस की पांच विशेष टीम बनाई गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस 350 सीसीटीवी से प्राप्त फुटेज का विश्लेषण करके और साथ ही अन्य सबूतों के आधार पर संदिग्धों तक पहुंची तथा नर्मदा नाम की महिला को गिरफ्तार किया। महिला के साथ उसका पति भी इस वारदात में शामिल था। बालाकृष्णन ने यहां संवाददाताओं से कहा, विजयकुमार फरार है। उसका पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए पांच विशेष टीम बनाई गई हैं। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 3 दिसम्बर की हावड़ा मेल हुई रद्द्

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार ईस्ट कोस्ट रेलवे ने रेलवे से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए वाल्टेयर डिवीजन के पलासा-विशाखापत्तनम और रायगड़ा-विजयनगरम खंड पर 4 दिसंबर 2023 को ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक के कारण ट्रेन सेवाओं के पैटर्न में बदलाव को अधिसूचित किया है। परिणामस्वरूप, ट्रेन सेवाओं के पैटर्न में बदलाव किये गए हैं।

3 दिसंबर को हावड़ा से 23.55 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 12839 हावड़ा-डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट मेल पूरी तरह से रद्द कर दी गई है। वहीं 3 दिसंबर को डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से 19.00 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 12840 डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल - हावड़ा सुपरफास्ट मेल पूरी तरह से रद्द कर दी गई है।

# मां ने अपने बच्चे को दोबारा जीवनदान दिया

## दस लाख में से एक को होती है यह बीमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। एस्टर सीएमआई अस्पताल में एक विशेष केस में उल्लेखनीय चिकित्सा यात्रा सामने आई है। यहां एक पांच किलोग्राम से भी कम वजनी 5 माह के एक शिशु को दुर्लभ जन्मजात प्रतिरक्षा विकार ल्यूकोसाइट आसंजन कमी (एलएडी) के लिए इलाज किया गया। शिशु के शुरुआती दिन बार-बार होने वाले गंभीर संक्रमणों के कारण खराब हो गए, जैसे बचपन के दौरान इसी तरह के संक्रमण के कारण उसके बड़े भाई की दुखद मृत्यु हो गई थी। कम प्रतिरक्षा और कम वजन होने के कारण, जब वह 2 महीने की थी, तब उसकी हालत बिगड़ने लगी थी, जब व्यापक प्रतिरक्षाविज्ञानी और आनुवांशिक परीक्षण में एलएडी की पुष्टि हुई, जो कि प्रति दस लाख जीवित जन्मों में एक की दुर्लभ स्थिति थी।

एलएडी एक दुर्लभ आनुवांशिक बीमारी है जो गंभीर इम्युनोडेफिशिएंसी का कारण बनती है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को सामान्य कार्य करने से रोकती है। इससे एलएडी वाले बच्चे संक्रमण के प्रति अतिसंवेदनशील हो जाते हैं, जो घातक हो सकता है। यह जीवन-घातक विकार अक्सर पता नहीं चल पाता है जो शीघ्र पता लगाने और हस्तक्षेप के महत्व पर जोर देता है। एलएडी के लिए एकमात्र उपचारात्मक उपचार एक स्वस्थ दाता से प्राप्त अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (बीएमटी) है। सौभाग्य से बच्चे की माँ आशा की किरण बनकर उभरी क्योंकि वह बच्चे के लिए ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन (एचएलए) अनुकूल थी। अंतर्निहित जटिलताओं के बावजूद, डॉक्टरों ने बीएमटी के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया। इस प्रकार, इसने माँ के लिए अपने बच्चे को दो बार जन्म देने का मार्ग प्रशस्त कर दिया।




एस्टर सीएमआई अस्पताल के हेमेटोलॉजी, पीडियाट्रिक हेमाटो-ऑन्कोलॉजी और बीएमटी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. अनूप पी ने बताया कि इसमें शामिल जटिलताओं के कारण, समृद्ध देशों में भी अधिकांश उपचार केंद्र बाद में बीएमटी करना पसंद कर सकते हैं। एक बच्चे का वजन कम से कम 10 किलोग्राम है और वह सक्रिय संक्रमण से पूरी तरह मुक्त है। इस बच्ची के मामले में, यह स्पष्ट रूप से कोई विकल्प नहीं था क्योंकि वह इस बीमारी का शिकार हो सकती थी। हमारी टीम ने बच्ची की उम्र या वजन की परवाह किए बिना प्रत्यारोपण को आगे बढ़ाने का फैसला किया, क्योंकि यह उसके जीवित रहने की एकमात्र उम्मीद थी।

प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण थी, हालाँकि, हमारी टीम सतर्क आशावाद के साथ प्रत्यारोपण के साथ आगे बढ़ी। हमें खुशी है कि प्रक्रिया सफल रही, शिशु अब ठीक हो रहा है, उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली स्वस्थ है, और उसके सामान्य जीवन जीने की उम्मीद है। बीएमटी का संचालन बाल चिकित्सा हेमेटो-ऑन्कोलॉजी और बीएमटी, वरिष्ठ सलाहकार, डॉ. स्टालिन रामप्रकाश और डॉ. रघुराम सीपी, और डॉ. सागर भट्टड, सलाहकार - बाल चिकित्सा इम्यूनोलॉजी और रुमेटोलॉजी के विशेषज्ञों की टीम के साथ किया गया था। जिन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बीमारी का शीघ्र निदान कर बच्चे की जान बचाई। बच्चे के पिता बंदेशा ने पूरी चिकित्सकों की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

एस्टर अस्पताल के सीईओ रमेश कुमार ने इस मौके पर कहा कि उन्हें अपने डॉक्टरों की टीम पर गर्व है जो इस पांच महीने के शिशु पर जटिल उपचार में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि अगर बीएमटी समय पर हो जाए तो मरीज स्वस्थ और सामान्य जीवन जी सकते हैं। उपचार के लिए उच्च स्तर की विशेषज्ञता और परिष्कृत तकनीक की आवश्यकता थी, जिसे समर्पित चिकित्सा पेशेवरों की हमारी टीम और अस्पताल के उन्नत संसाधनों ने प्रदान किया, जिससे हम एक सफल परिणाम प्राप्त करने में समर्थ हुए।

# राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगी : गहलोत



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली/जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि चुनाव बाद सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में कुछ भी आंकड़े दिखाए जाएं, लेकिन मुझे लगता है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में हारने वाली है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट करने का आरोप लगाया तथा कहा कि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर 'समझदार लोग' विद्रोह करेंगे। राजस्थान में विधानसभा की 199 सीटों के लिए गत 25 नवंबर को मतदान संपन्न हुआ। तीन दिसंबर को मतगणना होगी।

चुनाव नतीजों की संभावना से जुड़े सवाल पर गहलोत ने कहा, एग्जिट पोल कुछ भी आए, सटोरिये कुछ भी कह दें, मीडिया सर्वेक्षण में कुछ भी कहा जाए, मुझे लगता है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने यह दावा भी किया कि पांच राज्यों में भाजपा कहीं भी नहीं जीत रही है। उनका कहना था, इस बार राजस्थान में जनता कांग्रेस की सरकार फिर से बनाएगी। यह पहली सरकार है जिसके खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल नहीं है। मुख्यमंत्री के बारे में सबकी एक राय है, यहां तक कि भाजपा का वोटर भी कहेगा कि (मुख्यमंत्री ने) काम करने में कोई कमी नहीं रखी है।

गहलोत ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और केंद्र के मंत्रियों, सभी ने डराने वाली, तनाव पैदा करने वाली भाषा बोली...ये लोग राजस्थान में सरकार गिराने में विफल रहे, यह दर्द उनके दिल में छिपा हुआ है। इसलिए उन्होंने यह योजना बनाई कि किसी भी तरह से राजस्थान में कांग्रेस की सरकार फिर नहीं बनने देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह प्रयास सफल नहीं हुआ, इसलिए कांग्रेस की सरकार बनेगी।

विधायकों एवं सांसदों से संबंधित उत्तर प्रदेश की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को तलब किए जाने पर गहलोत ने कहा, राहुल जी पर जो लोग हमला बोल रहे हैं उनको 2024 में महंगा पड़ेगा।

मोदी का प्रभाव अब वो नहीं रहा जो पहले होता था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक कथित बयान का हवाला देते हुए कटाक्ष किया, मोदी जी ने गुजरात में (2017 के चुनाव में) कहा था कि एक मारवाड़ी मुझे हराने के लिए आया है, मैं कहां जाऊंगा, मुझे जिताओ। अब दो गुजराती राजस्थान में आ गए, अब मैं कहता हूं कि भाइयों और बहनों मैं कहां जाऊंगा, मुझे जिताओ। गहलोत ने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से किसी के खिलाफ नहीं हूं। मेरा मानना है कि लोकतंत्र में कार्यक्रम, नीतियों और सिद्धांतों के आधार पर चुनाव होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश में जो हो रहा है, उसको लेकर राष्ट्रीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को केंद्र सरकार के खिलाफ खुलकर सामने आना चाहिए। गहलोत ने दावा किया, आज नहीं तो कल, भाजपा के समझदार लोग बगावत करेंगे। उन्हें बगावत करनी चाहिए। अगर बगावत नहीं करेंगे तो वो भी दोष के भागीदार होंगे।

राजस्थान के मुख्यमंत्री ने मीडिया के हिस्से पर सवाल खड़े किए और कहा कि आज यह मिशन नहीं रहा, बल्कि 'धंधा' हो गया है। उन्होंने कहा, कुछ लोग को छोड़ दो तो पत्रकारिता एक पैसा कमाने का धंधा हो गया है। मिशन कुछ नहीं रहा। (कुछ लोगों ने) खुद को गुलाम बना रखा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

# कोटा में एक और कोचिंग छात्रा ने की आत्महत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान की कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में एक और कोचिंग छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिछले तीन दिनों में कोटा में कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की यह दूसरी जबकि इस साल की 27वीं घटना है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के महावीर नगर प्रथम इलाके में रहकर एक निजी कोचिंग संस्थान से नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही एक कोचिंग छात्रा निशा यादव (21) ने कल देर रात को किसी समय अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा उत्तर प्रदेश के औरैया जिले की रहने वाली थी।

छात्रा निशा यादव पहले इन्द्र विहार इलाके में एक हॉस्टल में रहती थी लेकिन हाल ही में 13 नवम्बर को वो महावीर नगर प्रथम इलाके में दूसरे हॉस्टल में रहने लगी थी। घटना के पहले देर पहले इस छात्रा ने अपने पिता से फोन पर बात की थी।

थोड़ी देर बाद जब उसके पिता ने वापस उसे फोन किया तो छात्रा ने फोन नहीं उठाया। बार-बार फोन करने पर भी जब छात्रा ने फोन नहीं उठाया तो आशंकित पिता ने हॉस्टल के स्टाफ को फोन किया जिन्होंने जाकर जब कमरे का दरवाजा खोला तो छात्रा फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली।

शहर में रहकर पिछले तीन दिनों में नीट की तैयारी कर रहे किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की यह दूसरी घटना है। इसके पहले सोमवार को पश्चिमी बंगाल के रहने वाले और कोटा में एक निजी कोचिंग संस्थान से नीट की कोचिंग ले रहे छात्र फोरीद हुसैन ने 27 नवम्बर को फ़ांसी से लटक कर आत्महत्या कर ली थी जो दादाबाड़ी थाना इलाके की वक्फ़ कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर रह रहा था।



# कांग्रेस प्रत्याशियों ने पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा से मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से गुरुवार को उनके जयपुर स्थित आवास पर प्रत्याशियों एवं कांग्रेस पदाधिकारीयो ने मुलाकात की। प्रत्याशियों में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेन्द्र भारद्वाज, सीताराम अग्रवाल, शिखा मील बराला, अमीन कागजी, राजेन्द्र मूंड और विद्याधर चौधरी समेत कई नेताओं ने डोटासरा से मुलाकात की और अपनी सीट के समीकरण डोटासरा से साझा किए। कांग्रेस पदाधिकारी जसवंत गुर्जर, कैप्टन अरविंद सहित अनेक पदाधिकारियों ने भी डोटासरा से मुलाकात कर चुनाव परिणामों पर चर्चा की।

## आशीर्वाद



जयपुर में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी राज्यवर्धन सिंह राठौड़ संतों से आशीर्वाद लेते हुए।

# महिला और उसके दो बच्चों की चाकू से गोदकर हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के मालवीय नगर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम को एक महिला और उसके दो बच्चों की एक हमलावर ने कथित तौर पर चाकू से गोदकर हत्या कर दी। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) ज्ञान चंद्र यादव ने बताया कि झालाना स्थित एक मोहल्ले में बुधवार शाम को एक हमलावर ने एक महिला और उसके दो बच्चों की घर में घुस कर चाकू से गोदकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और महिला को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि कि एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं और एक संदिग्ध के बारे में सुराग मिला है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध के यहां आने के मकसद के बारे में भी जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सुमन बिष्ट (25) और उसके बेटे जिव्यांश (5) और अवयांश (2) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि हमलावर की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि महिला और बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिये गए हैं।

# फिर बदला मौसम का मिजाज, सर्द हवाओं ने लोगों को किया बेहाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

धौलपुर। विगत 3 दिन से जिले में मौसम का मिजाज गड़बड़ देखा जा रहा है। सोमवार की रात्रि को बरसात जोरदारी से हुई थी। मंगलवार को भी हल्की बूंदाबांदी के साथ बरसात का असर देखा गया था। लेकिन गुरुवार सुबह से ही आसमान में बादलों की घटाएं देखी जा रही थी। बूंदाबांदी के साथ बरसात का दौर शुरू हो गया। करीब आधा घंटे तक बरसात का असर देखा गया। बरसात की वजह से आवागमन की रफ्तार भी थम गई। लोगों की दिनचर्या पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। कड़ाके की सर्दी एवं ठिठुरन ने लोगों को बेहाल कर दिया है।

धौलपुर शहर के गली मोहल्ले में कीचड़ के हालात बन गए हैं। सर्दी की वजह से लोग अधिकांश घरों में कैद रहे हैं। वातावरण में पूरी तरह से ठंडक घुल गई है।

किसानों के मुताबिक बरसात रबी फसल के लिए काफी फायदेमंद मानी जा रही है। जिले में प्रमुख रूप से गेहूं, सरसों एवं आलू फसल का ट्रेंड रहा है। इन सभी फसलों में फायदा माना जा रहा है। सरसों, गेहूं एवं आलू की फसल उगकर खेतों में तैयार हो चुकी है। खेतों से खरपतवार को हटाकर किसान पानी लगाने की कवायत में जुट रहा था। लेकिन बरसात से पहला पानी फसल को नसीब हो गया है। तीनों फसल में पहला पानी लगने के बाद किसान यूरिया एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग कर सकेगा। उधर मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान में आगामी 1 से 2 दिनों मे बारिश की चेतावनी दी है। सर्द हवाओं का भी असर देखने को मिल सकता है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर । विधानसभा आम चुनाव 2023 के तहत 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित मतगणना स्थल का बुधवार को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सुरक्षा इंतजाम देखे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल पर संधारित किए गए आवक- जावक रजिस्टर में हस्ताक्षर कर मतगणना स्थल कोरिडोर में प्रवेश किया। उन्होंने प्रभारी अधिकारी और नगर विकास न्यास सचिव मुकेश बारहठ सहित अन्य अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद ने बताया कि जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखी गई है। सशस्त्र बलों द्वारा स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है। सभी स्ट्रांग रूम के दरवाजों के ऊपर तथा कॉरिडोर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं ।मतगणना स्थल पर ही बनाए गये निगरानी केंद्र में इन कैमरों की लाइव वेब कास्टिंग भी की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना दिवस पर मतगणना स्थल में सभी व्यवस्थाएं सुचारू करने के लिए लेआउट बनाकर उसके अनुरूप व्यवस्थाएं की गई है। मतगणना दिवस पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र का प्रत्याशी या राजनीतिक दल प्रतिनिधि किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष में नहीं जा सके, इसके लिए कोरिडोर में भी विशेष रूप से बैरिकेडिंग करवाईं गई है। उसी के अनुरूप आने जाने की व्यवस्था रहेगी। सभी एंट्री भी इसी के अनुसार सुनिश्चित की जाएगी।

भगवती प्रसाद कलाल ने मतगणना स्थल पर विधानसभा वार सील्ड स्ट्रांग रूम, विधानसभा वार मतगणना कक्ष, मीडिया केंद्र , पर्यवेक्षक कक्ष सहित अन्य कक्षों का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि 25 नवंबर को मतदान के बाद जमा की गई ईवीएम मतगणना स्थल पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रूप से रखी गई । ईवीएम की सुरक्षा के संबंध में निगरानी के लिए स्ट्रांग रूम के बाहर तथा कोरिडोर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की लाइव वेबकास्टिंग मतगणना स्थल पर ही बाहर बनाए गए निगरानी स्थल पर की जा रही है।

इस स्थल पर राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहकर लाइव वेबकास्टिंग देख सकते हैं तथा यहां रुक कर प्रकिया की लगभग निगरानी कर सकते हैं। प्रतिनिधियों के लिए मतगणना स्थल पर समस्त व्यवस्थाएं की गई है। कोई भी राजनीतिक दल प्रतिनिधि ,उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि सीसीटीवी कैमरे के लाइव प्रसारण के संबंध में यहां उपस्थित रहकर निगरानी कर सकते है। सर्दी के मध्य नजर इन प्रतिनिधियों के लिए ठहरने के विशेष इंतजाम किए गए हैं। संबंधित प्रतिनिधि बिस्तर लेकर यहां रात में भी रुक सकते हैं।

# सड़क हादसे में कार सवार तीन चचेरे भाइयों की मौत

जयपुर। राजस्थान के डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात कंटेनर और कार की टक्कर में तीन चचेरे भाईयों की मौत हो गई। थानाधिकारी मदनलाल ने बताया कि दिल्ली-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर शिशोद गांव के पास एक कंटेनर और कार की टक्कर में कार में सवार पंकज (22), अक्षय (24) और महेश (23) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तीनों युवक शादी में शामिल कर अपने घर लौट रहे थे। मदनलाल ने बताया कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद तीनों के शव परिजनों को सौंप दिये गये। इस संबंध में कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# अंजू की वापसी की जानकारी नहीं : राजस्थान पुलिस

जयपुर। राजस्थान में पुलिस ने अपने फेसबुक मित्र से मिलने पाकिस्तान गई भारतीय महिला अंजू की वापसी की आधिकारिक जानकारी होने से इनकार किया है। भिवाड़ी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने कहा कि उनके पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। उल्लेखनीय है कि अंजू व उसका परिवार भिवाड़ी की एक कॉलोनी में रहता था, उसके पति अरविंद ने पत्नी और उसके फेसबुक मित्र नसरुल्ला के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करवाई थी। हालांकि पुलिस के अनुसार अरविंद अब यहां नहीं रहता है और बच्चों के साथ कहीं और चला गया है।

उल्लेखनीय है कि अंजू अपने फेसबुक मित्र से मिलने जुलाई में पाकिस्तान गई थी। अंजू (34) का जन्म उत्तर प्रदेश के कैलोर गांव में हुआ था और वह राजस्थान के अलवर जिले में रहती थी। अंजू ने पाकिस्तानी नागरिक नसरुल्ला (29) से मिलने के लिए वैध वीजा पर आदिवासी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के ऊपरी दीर जिले की यात्रा की थी। मीडिया रपटों के अनुसार दोनों फेसबुक पर एक दूसरे के परिचित हुए थे।





जयपुर में गुरुवार को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के क्रम में 'प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ प्रधानमंत्री की वर्चुअल बातचीत को सुनती भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी।

# सबसे पहले उदयपुर शहर, सबसे अंत में सलूम्बर का आएगा परिणाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर । विधानसभा आम चुनाव-2023 के तहत आगामी 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के दौरान सबसे पहले उदयपुर शहर विधानसभा क्षेत्र का परिणाम सामने आएगा, जबकि सलूम्बर का रिजल्ट सबसे अंत में स्पष्ट होगा। सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के सर्वाधिक 25 राउण्ड होंगे, वहीं उदयपुर शहर में सबसे कम 17 राउण्ड में अंतिम परिणाम सामने आ जाएगा। मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें बैठक व्यवस्था, फर्नीचर, आवश्यक संसाधन, गणना प्रपत्रों के संधारण, ऑनलाइन अपडेशन, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, चिकित्सा, पेयजल, बिजली, रसद, भुगतान सहित सभी तरह की व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया। साथ ही उनके दायित्वों से जुड़े दिशा-निर्देश जारी किए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्य को पूर्ण निष्ठा और सतर्कता से संपादित करने की हिदायत दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय आर्टस कॉलेज परिसर में शुरू होगी। मतगणना में नियुक्त कार्मिकों को सुबह 6.30 बजे से पूर्व मतगणना स्थल पर हर हाल में उपस्थिति देनी होगी।

मतगणना में लगे कार्मिकों को अंतिम समय से पूर्व पता नहीं लगेगा कि उन्हें कौनसी टेबल पर बैठकर मतगणना करनी है। इसके लिए कार्मिकों का त्रिस्तरीय रेण्डमाइजेशन होना है। इसमें प्रथम रेंडमाइजेशन हो चुका है। द्वितीय रेंडमाइजेशन मतगणना से 24 घंटे पूर्व पर्यवेक्षक एवं रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में आयोग के निर्धारित साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। वहीं तृतीय रेंडमाइजेशन मतगणना दिवस पर सुबह 5 बजे संबंधित आरओ के द्वारा किया जाएगा। इसके बाद ही कार्मिकों को गणना के लिए टेबल आवंटित होगी।

उदयपुर जिले के 8 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए दो-दो कक्ष निर्धारित किए गए हैं। इसमें झाडोल विधानसभा के लिए 14 टेबल लगेंगी। वहीं गोगुन्दा, खेरवाड़ा, उदयपुर ग्रामीण व वल्लभनगर के लिए 12-12, उदयपुर शहर के लिए 10 तथा सलूम्बर के लिए 9 टेबल लगेंगी। सलूम्बर में 25, खेरवाड़ा में 23, गोगुन्दा, झाडोल व वल्लभनगर में 21-21, उदयपुर ग्रामीण व मावली में 19-19 तथा उदयपुर शहर की मतगणना 17 राउण्ड में पूर्ण होगी। उल्लेखनीय है कि गोगुन्दा में 288, झाडोल में 290, खेरवाड़ा में 314, उदयपुर ग्रामीण में 265, उदयपुर शहर में 216, मावली में 264, वल्लभनगर में 281 तथा सलूम्बर में 296 मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ था।

मतगणना स्थल पर मतगणना कार्य में नियुक्ति अधिकारियों, मतगणना कार्मिकों, प्रत्याशी, उनके चुनाव एवं गणन अभिकर्ताओं को ही प्रवेश दिया जाएगा। उनके लिए भी विशेष प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। इसके अलावा उक्त सभी के प्रवेश को लेकर भी पृथक-पृथक व्यवस्था की गई हैं। आर्टर्स कॉलेज के गेट नंबर 1 से आब्जर्वर, जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं मतगणना में लगे गणना सुपरवाइजर, गणना सहायक, एमओ, आरओ, आरओ स्टाफ एवं अन्य व्यवस्थाओं में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी प्रवेश कर सकेंगे। जिले के गोगुन्दा, उदयपुर, मावली, झाडोल व उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी, उनके निर्वाचन अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ता महाविद्यालय के गेट नंबर 02 से होते हुए निर्धारित मतगणना कक्ष में प्रवेश करेंगे। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र वल्लभनगर, खेरवाड़ा व सलूम्बर के प्रत्याशी एवं अभिकर्ता गेट नंबर 03 से प्रवेश कर सकेंगे।

मतगणना स्थल पर परिणामों की घोषणा के लिए विशेष व्यवस्था रहेगी। इसमें राउण्डवार परिणामों की घोषणा की जाएगी। सामान्य व्यवस्था प्रकोष्ठ को इसके लिए माइक-पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित करने तथा प्रभारी अधिकारी मीडिया प्रकोष्ठ को स्टाफ नियोजित कर परिणाम की घोषणा की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## 'डीप फेक' वीडियो का इस्तेमाल कर साइबर ठगों ने किया बुजुर्ग को प्रताड़ित, प्राथमिकी दर्ज

**गाजियाबाद (उप्र)/भाषा।** गाजियाबाद में साइबर ठगों द्वारा भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी का 'डीप फेक' वीडियो इस्तेमाल कर 76 साल के एक बुजुर्ग व्यक्ति को कथित तौर पर प्रताड़ित करने और उसे आत्महत्या की कगार पर पहुंचाने का मामला सामने आया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। कवि नगर के सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 76 वर्षीय अरविंद शर्मा ने करीब एक महीना पहले एक स्मार्टफोन खरीदा था और उस पर अपनी फेसबुक प्रोफाइल बनायी थी। उन्हें 20 अक्टूबर को एक वीडियो कॉल आयी थी जिसका उन्होंने जवाब दिया था। कॉल करने वाली महिला उस समय 'नग्न' थी। श्रीवास्तव ने बताया कि कॉल खत्म करने के बाद से ही शर्मा के लिये मुश्किलें खड़ी हो गयीं।



## जैसे मोदी 2014 में किया, उसी तरह राजनीतिक एजेंडा तय कर रहे हैं नीतीश कुमार : जद(यू)

**नई दिल्ली/भाषा।** जनता दल (यूनाइटेड) ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जाति जनगणना, आरक्षण में बढ़ोतरी और महिला सशक्तीकरण जैसे कदमों के साथ उसी तरह से राजनीतिक एजेंडा तय कर रहे हैं जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के चुनाव से पहले किया था। जद (यू) के मुख्य प्रवक्ता के.सी. त्यागी ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनावों से पहले राष्ट्रीय राजनीति में एक राजनीतिक शून्यता थी और मोदी ने इसे अपने एजेंडे से भर दिया। उनका कहना है कि नीतीश कुमार ने भी इसी तरह से जाति जनगणना और आरक्षण में वृद्धि जैसे 'साहसिक' कदमों से एक बड़ी लकीर खींची है। त्यागी ने कहा कि जद (यू) के प्रमुख नेता कुमार ने महिला सशक्तीकरण के लिए भी बहुत कुछ किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री राजनीतिक एजेंडा तय कर रहे हैं, जो बहुत महत्वपूर्ण बात है।

## गर्म रोटी नहीं मिली तो बारातियों ने हलवाई पर उड़ेला खौलता तेल, हालत गम्भीर

**बदायूं (उप्र)/भाषा।** बदायूं जिले के मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव में बारात के दौरान गर्म रोटी न मिलने से नाराज बारातियों ने हलवाई पर कथित तौर पर खौलता हुआ तेल उड़ेल दिया। गम्भीर रूप से झुलसे हलवाई को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि मूसाझाग थाना क्षेत्र निवासी पन्नालाल की बेटी की 29 नवंबर को शादी थी। बारात कासगंज जिले के थाना सोरों क्षेत्र के लहरा गांव से आई थी एवं देर रात दूल्हे के चाचा इंद्रपाल पाली समेत कुछ लोग खाना खाने बैठे। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने रोटी गर्म मांगी लेकिन चूंकि देर हो जाने की वजह से तंदूर बुझ चुका था इसलिये वेटर ने गर्म रोटी नहीं होने की बात कही। इस पर इंद्रपाल समेत और उसके तीन दोस्त भड़क गए और गालीगलौज करते हुए हलवाई को बुलाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हलवाई राजेश उस समय दुल्हन की विदा के वक्त बारातियों को नाश्ता आदि बनाने की तैयारी कर रहा था। इस पर तैश में आये इंद्रपाल और उसके दोस्तों ने मौके पर पहुंचकर राजेश पर कढ़ाही में खौल रहा तेल उड़ेल दिया।

## एएसआई ने भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की बाहरी दीवारों की 'लेजर स्कैनिंग' पूरी की

**पुरी/भाषा।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पुरी में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के खजाने (रत्न भंडार) की बाहरी दीवारों की 'लेजर स्कैनिंग' पूरी कर ली है। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक मंदिर के 'रत्न भंडार' की 'लेजर स्कैनिंग' मंगलवार और बुधवार को वास्तुकार, विशेषज्ञ इंजीनियर और वैज्ञानिक फोटोग्राफर की 15 सदस्यीय एएसआई टीम द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि यह 'लेजर स्कैनिंग' दीवारों पर संदिग्ध दरारों का पता लगाने के लिए की गयी थी, जिसके जरिए पानी संभवत: अंदर रिस रहा है।

# मायावती ने किया लोस चुनाव में अपने बलबूते, दमखम से सत्ता हासिल करने का आह्वान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव अपने बलबूते, पूरे दमखम से लड़कर सत्ता हासिल करने का आह्वान करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगला आम चुनाव दिलचस्प और संघर्षपूर्ण साबित होगा जिसमें बसपा की भी अहम भूमिका होगी।

बसपा प्रमुख ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में पार्टी की उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड इकाइयों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे दमखम और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाएं ताकि लोकसभा चुनाव में बेहतर नतीजे हासिल कर 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की सरकार बनाई जा सके।

मायावती ने देश की सियासी स्थिति का जिक्र करते हुए कहा, 'केंद्र की और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्य सरकारों की संकीर्ण, जातिवादी तथा जनविरोधी नीतियों एवं कार्यप्रणाली की वजह से राजनीतिक हालात तेज़ी से बदल रहे हैं। लोग किसी एक पार्टी का वर्चस्व नहीं चाहते बल्कि वह बहुकोणीय संघर्ष का रास्ता चुनने को आतुर नजर आ रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि इन हालात में अगला लोकसभा चुनाव संघर्षपूर्ण, व्यापक जनहित एवं देशहित में होने की प्रबल संभावना है जिसमें बसपा की भी अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा ''ऐसे में पार्टी को समय-समय पर दिये जा रहे ज़रूरी दिशा-निर्देशों पर ईमानदारी व निष्ठापूर्वक मेहनत करके अच्छा नतीजा हासिल किया जा सकता है।'

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि चुनाव में अच्छे नतीजे मिलने से बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के 'आत्मसम्मान व स्वाभिमानी आंदोलन' को केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में मज़बूती मिलेगी।



## राज्योत्सव मनाया, रक्तदान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां बीएसएमए स्विच गियर भवन में गुरुवार को कर्नाटक राज्योत्सव मनाया गया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंघवी ने धवजारोहण किया। सचिव राजकुमार तिवारी ने सदस्यों का स्वागत किया। उपाध्यक्ष नागराज और कोषाध्यक्ष कृष्णा पचारिया ने हर साल कार्यक्रम का आह्वान किया। इसके बाद राष्ट्रोत्थान ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें संस्था सदस्यों ने रक्तदान किया। सहसचिव मोहिंद्र जांगिड़ ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में समिति सदस्य अशोक बम्ब, हितेश डोडरवाल, महेंद्र चोरड़िया और प्रदीप लूंकड़ मौजूद थे।

## ओडिशा सरकार 11वीं और 12वां कक्षा के छात्रों को जेईई और नीट की मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग प्रदान करेगी

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने राज्य के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों (एचएसएस) के 11वीं और 12वां कक्षा के छात्रों को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के लिए मुफ्त में ऑनलाइन कोचिंग प्रदान करने का निर्णय लिया है। उच्च माध्यमिक शिक्षा निदेशक रघुराम आर. अय्यर ने बुधवार को इस संबंध में सभी सरकारी और गैर सरकारी सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को पत्र लिखा। अय्यर ने कहा, ''सरकारी और गैर-सरकारी सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी)/संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के अभ्यर्थियों को उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए पूरक ऑनलाइन कोचिंग प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।'' उन्होंने कहा कि कोचिंग ऑनलाइन माध्यम से प्रदान की जाएगी। इसलिए, उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक जिनके पास 'इंटरैक्टिव पैनल' या 'स्मार्ट टीवी' के साथ 'स्मार्ट कक्षा' नहीं हैं, उन्हें सिस्टम स्थापित करने के लिए कहा गया है। निदेशक ने कहा कि योजना एवं समन्वय विभाग की एक योजना के तहत कई उच्च माध्यमिक विद्यालयों को 'स्मार्ट कक्षा' के विकास के लिए सहायता प्राप्त हुई है।

# मैं एग्जिट पोल पर भरोसा नहीं करती : उमा भारती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह एग्जिट पोल पर 'भरोसा' नहीं करतीं। तेलंगाना में मतदान समाप्त होने के बाद शाम को पांच राज्यों के एग्जिट पोल प्रसारित किए जाएंगे।

इन पांच राज्यों में सात नवंबर (मिजोरम और पहला चरण छत्तीसगढ़), 17 नवंबर (मध्य प्रदेश), 25 नवंबर (राजस्थान) और 30 नवंबर (तेलंगाना) में विधानसभा चुनाव हुए हैं। भारती ने संवाददाताओं से कहा, 'मैं चाहती हूं कि मेरी पार्टी मध्य प्रदेश में सरकार बनाये। मैं मध्य प्रदेखउश्श के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बहुत सम्मान करती हूं।' एग्जिट पोल के बारे में पूछे जाने पर भारती ने कहा कि वह उन पर भरोसा नहीं करतीं। उन्होंने दावा किया, वे भविष्यवाणी करते हैं कि एक पार्टी 112 से 130 सीटें (मध्य प्रदेश की 230 सीटों में से) के बीच जीतेगी। अब, अगर उस पार्टी को 112 सीटें मिलती हैं और चुनाव हार जाती है, तो एग्जिट पोल करने वालों का दावा है कि वे सही साबित हुए हैं। लेकिन अगर उस पार्टी को 120 सीटें मिलती हैं और वह जीतती है, तो एग्जिट पोल का दावा है कि उनकी भविष्यवाणी सही थी। उन्होंने कहा, इसलिए एग्जिट पोल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। मैं उन पर भरोसा नहीं करती। उन्होंने कहा, नवंबर 2020 में बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल की सरकार बनने के बारे में एग्जिट पोल की भविष्यवाणी गलत साबित हुई। जब उनसे पूछा गया कि भाजपा कितनी सीटें जीतेगी तो उन्होंने कहा कि पार्टी हर सीट जीतने के लिए चुनाव लड़ती है। दिसंबर 2018 और मार्च 2020 के बीच 15 महीने की अवधि, जब कमलनाथ ने कांग्रेस सरकार का नेतृत्व किया था,को छोड़कर भाजपा 2003 से मध्य प्रदेश में सत्ता में है। मार्च 2020 में कांग्रेस की सरकार गिर गई और चौहान के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में वापस आ गई।


## आगरा : ताजमहल देखने आए ओडिशा के दो युवकों का अपहरण

**आगरा(उप्र)/भाषा।** आगरा ताजमहल का दीदार करने आए ओडिशा के दो युवकों का कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया और परिवार को घटना की जानकारी तब हुई जब अपहरणकर्ताओं ने फिरौती के लिए परिवार से संपर्क किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि परिवार ने ओडिशा पुलिस के माध्यम से आगरा पुलिस से संपर्क किया और दोनो युवकों को मुक्त करा लिया गया है और मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। एसीपी सुकन्या शर्मा ने बताया कि ओडिशा पुलिस की सूचना पर थाना खंदौली एवं सर्विलांस टीम ने अपहृत जग्गू और सुनील को सकुशल मुक्त करा लिया है तथा इनका अपहरण करने के आरोप में विकास, कान्हा, शिवम नामक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि ओडिशा के कोरापुर थाना में अपहरण का मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आगरा पुलिस अग्रिम कार्रवाई के लिए ओडिशा पुलिस के आने का इंतजार कर रही है।

# मणिपुर में शांति समझौते के बाद शांति के एक नए युग की शुरूआत : बीरेन सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट' (यूएनएलएफ) के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने से राज्य में शांति और प्रगति का एक नया दौर शुरू हुआ है।

यूएनएलएफ मणिपुर का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन है, जिस पर बहुसंख्यक मैतेई समुदाय का प्रभुत्व है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बुधवार को लिखा, आज नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व में यूएनएलएफ के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर संभव हुआ। उन्होंने कहा, ''उनकी सूझबूझ और निरंतर मार्गदर्शन से, मणिपुर में शांति और प्रगति का एक नया युग शुरू हुआ है। राज्य में वृद्धि और विकास का एक नया दौर शुरू हो रहा है, क्योंकि बहुत से लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के प्रति अपना विश्वास जताया है।

यूएनएलएफ के प्रतिनिधियों ने नई दिल्ली में गृह मंत्रालय और मणिपुर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत समूह पर प्रतिबंध के बाद इस महीने की शुरूआत में इसे पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया था।

शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद लोगों के एक वर्ग ने इंफाल पूर्व और पश्चिमी जिलों के कई स्थानों पर जश्न मनाया।




# वालेंशिया में पांच देशों के हॉकी टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी संभालेंगे हरमनप्रीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह 15 से 22 दिसंबर तक स्पेन के वालेंशिया में होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे । टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है । सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान होंगे । यह टूर्नामेंट 2023 . 24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिये अहम होगा । इसमें भारत का सामना स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा ।

गोलकीपिंग में पी आर श्रीजेश और कृशन बी पाठक के साथ सूरज करकेरा भी होंगे । डिफेंस की कमान हरमनप्रीत, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित , संजय और नीलम संजीप सेस के हाथ में होगी । मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि इस टूर्नामेंट से युवाओं को दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका मिलेगा । उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों सहित संतुलित टीम है । टूर्नामेंट में हमें विभिन्न चीजें आजमाने का मौका मिलेगा । इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों को दुनिया की श्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका भी मिलेगा ।' उन्होंने कहा ,'' पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले अगले चार महीने काफी अहम हैं और हमें कदम दर कदम आगे बढना होगा ।''

**भारतीय टीम : गोलकीपर :** पी आर श्रीजेश, कृशन बहादुर पाठक, सूरज करकेरा **डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान) , जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित , संजय और नीलम संजीप सेस **मिडफील्डर :** यशदीप सिवाच, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, रविचंद्र सिंह मोइरांगथम **फॉरवर्ड :** मनदीप सिंह , अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, कार्ति सेल्वम, दिलप्रीत सिंह, आकाशदीप सिंह ।

## ओलंपिक में सफलता के लिए अधिक लोगों के खेलों से जुड़ने की जरूरत: बिंद्रा



**बेंगलूरु/भाषा।** अभिनव बिंद्रा का मानना है कि सिर्फ एलीट खिलाड़ियों में निवेश करने से भारत खेल महाशक्ति नहीं बनेगा और अगर देश को ओलंपिक में अपने पदकों की संख्या को दोहरे अंक में पहुंचाना है तो अधिक लोगों को खेलों से जुड़ना होगा। भारत के शीर्ष खिलाड़ियों को पिछले कुछ समय में सरकार और कारपोरेट घरानों से काफी वित्तीय समर्थन मिला है और नतीजे बेहतर ही होंगे क्योंकि शीर्ष खिलाड़ियों को विदेशों में ट्रेनिंग का मौका मिल रहा है और वे शीर्ष सहयोगी स्टाफ के साथ काम कर रहे हैं। बिंद्रा ने कहा कि सिर्फ शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों पर निवेश पर्याप्त नहीं होगा।

बिंद्रा ने यहां 'आरसीबी इनोवेशन लैब लीडर्स मीट' के दौरान कहा, ''अगर आप 50 (ओलंपिक पदक) जीतना चाहते हैं तो यह सिर्फ एलीट (खिलाड़ियों) पर पैसा लगाने से नहीं होगा। इससे आपकी जनसंख्या का बहुत छोटा सा हिस्सा खेलों से जुड़ेगा इसलिए आपको खेलों से अधिक लोगों को जोड़ने की जरूरत पड़ेगी।'' बिंद्रा ने कहा कि भारत ऐसी स्थिति में है जहां खेलों को अब जन आंदोलन बनना चाहिए। बिंद्रा ने कहा, ''उम्मीद है कि इसका नतीजा यह होगा कि अधिक लोग खेलों से जुड़ेंगे इसलिए मेरा मानना है कि नजरिए में बदलाव की जरूरत है और ऐसा अभी होने की जरूरत है।''



# जरूरतमंदों तक पहुंच की सोच के साथ तैयार की गई हैं जन कल्याण योजनाएं : जितेंद्र सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जल कल्याण योजनाएं इस तरह तैयार की गई हैं कि वे जरूरतमंदों तक पहुंचें, चाहे वे किसी जाति, वर्ग, धर्म के हों।

सिंह ने मुनिरका में 'विकास भारत संकल्प यात्रा' के एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'सभी के लिए न्याय' के सिद्धांत के आधार पर सार्वजनिक आपूर्ति के मानकों का स्तर सफलतापूर्वक ऊपर उठाया है।

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने साढ़े नौ साल की अल्प अवधि में कई योजनाओं को शत-प्रतिशत पूरा किया है और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत का पालन करते हुए जरूरतमंदों को फायदे पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'विकास भारत संकल्प यात्रा' प्रधानमंत्री मोदी की जन केंद्रित कार्य संस्कृति को प्रमाणित करती है।


कार्मिक मंत्रालय के एक बयान में सिंह के हवाले से कहा गया, ''प्रधानमंत्री मोदी को भारत में एक नई कार्य संस्कृति लाने का श्रेय हमेशा दिया जाएगा जिसमें प्रत्येक गरीब हितैषी और जल कल्याण की योजना इस तरह से तैयार की गई है कि वह अंतिम पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक या सबसे अधिक जरूरतमंद तक पहुंचे, चाहे वह किसी जाति, वर्ग, धर्म का हो।''

# विश्व कप फाइनल में हार के बाद ड्रेसिंग रूम में रो रहे थे रोहित शर्मा और विराट कोहली : अश्विन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि हाल में वनडे विश्व कप के अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ड्रेसिंग रूम में अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने 19 नवंबर को खेले गए फाइनल में भारत को 6 विकेट से हराकर अपना छठा वनडे विश्व कप खिताब जीता था।

भारत की हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय ड्रेसिंग रूम में गए थे और उन्होंने रोहित और कोहली का हौसला बढ़ाने की कोशिश की थी। लेकिन अश्विन ने कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल दिल तोड़ने वाला था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर पूर्व क्रिकेटर सुब्रमण्यम बद्रीनाथ के साथ



बातचीत करते हुए कहा,''हां, हम दर्द महसूस कर रहे थे। रोहित और विराट की आंखों में आंसू थे और यह देखकर बहुत बुरा लग रहा था। कुछ भी हो ऐसा नहीं होना चाहिए था। यह टीम बेहद अनुभवी थी और हर कोई जानता था कि क्या करना है।'' भारत भले ही विश्व कप नहीं जीत पाया लेकिन कोहली और रोहित ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया। अश्विन ने एक बल्लेबाज और कप्तान के रूप में रोहित की प्रशंसा की। उन्होंने कहा,''अगर आप भारतीय क्रिकेट पर गौर करो, तो हर कोई यही कहेगा कि महेंद्र सिंह धोनी सर्वश्रेष्ठ कप्तान है, लेकिन रोहित शर्मा भी बेजोड़ इंसान है, वह टीम में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी के बारे में अच्छी समझ रखता है।'' अश्विन ने कहा,''उसे प्रत्येक खिलाड़ी की पसंद और नापसंद का पता है और उसकी समझ बहुत अच्छी है। प्रत्येक खिलाड़ी को अच्छी तरह से समझने के लिए वह अपनी तरफ से प्रयास करता है।'' अश्विन ने पूरे विश्व कप में केवल एक मैच खेला। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के पहले मैच में चेन्नई में खेले थे जिसमें उन्होंने 34 रन देकर एक विकेट लिया था। अश्विन से पूछा गया कि रोहित ने उन्हें फाइनल में अंतिम एकादश में शामिल क्यों नहीं किया तो उन्होंने कप्तान का समर्थन किया और कहा कि विजयी टीम में बदलाव करना आसान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि जहां तक मेरा फाइनल में खेलने का सवाल है तो टीम का संयोजन महत्वपूर्ण होता है बाकी चीज बाद में आती हैं।

# श्रेयस अय्यर के शामिल होने से बड़ा प्रभाव पड़ेगा: विश्नोई




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/भाषा।** भारत के युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने शुक्रवार को कहा कि श्रेयस अय्यर टी20 बल्लेबाज के रूप में अपनी विशेष छाप छोड़ चुके हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के अंतिम दो मैच में उनकी वापसी से बड़ा प्रभाव पड़ेगा। अय्यर श्रृंखला के पहले तीन मैच में नहीं खेले थे। उन्होंने हाल में समाप्त हुए वनडे विश्व कप में 11 मैच में 530 रन बनाए थे।

बिश्नोई ने मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा,''अय्यर की वापसी से बल्लेबाजी में बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने टी20 क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ी है और विश्व कप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। सीनियर खिलाड़ी होने के कारण उनके अनुभव का भी हमें फायदा मिलेगा।'' बिश्नोई ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की भी प्रशंसा की और कहा कि वह गेंदबाजों को पूरी स्वतंत्रता देते हैं। उन्होंने कहा,''एक कप्तान के रूप में सूर्य भाई आपको पूरी स्वतंत्रता देते हैं। वह आपको अपने अनुसार क्षेत्ररक्षण सजाने और गेंद की लेंथ तय करने की पूरी छूट देते हैं। उन्होंने पिछले दो-तीन मैच में शानदार कप्तानी की है।''

## सुविचार

**किसी ने पूछा की उम्र और ज़िन्दगी में क्या फर्क है, बहुत सुन्दर जवाब जो अपनों के बिना बीती वो उम्र और और जो अपनों के साथ बीती वो ज़िन्दगी।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# किसान का नया दोस्त

'प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र' ग्रामीण भारत के विकास की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं। इन केंद्रों का ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक विस्तार किया जाए। इनमें समय के साथ और तकनीकी उपकरण भी जोड़े जाएं। इस योजना के जरिए अगले तीन वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों को 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे! यही नहीं, इन केंद्रों से महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और उनका उपयोग करने के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। ड्रोन एक ऐसा यंत्र है, जिसके उपयोग को लेकर अपार संभावनाएं हैं। खासतौर से खेती में, जहां यह न केवल किसानों के लिए काफी आसानी पैदा कर देगा, बल्कि फसल उत्पादन बढ़ाने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। खेती में ड्रोन के बेहतरीन इस्तेमाल की बात हो तो यह इजराइल के जिक्र बिना अधूरी है। इस देश के किसानों के पास उन्नत श्रेणी के ड्रोन हैं। खेत के किस हिस्से में मिट्टी की प्रकृति कैसी है, हर साल फसल चक्र में कैसा परिवर्तन आ रहा है, कहां भूगर्भीय जल ऊपर या गहरा हो सकता है, किस हिस्से को खाद और पोषक तत्त्वों की अधिक जरूरत है, सिंचाई के लिए कहां पानी कम / ज्यादा होना चाहिए ...? ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब सामान्य आंखों से खेत को देखकर हासिल नहीं किए जा सकते। ड्रोन से प्राप्त चित्रों / वीडियो का विश्लेषण किया जाए तो यह काम आसान हो जाएगा। कई ग्रामीण इलाकों में रात को आवारा पशुओं का विचरण एक बड़ी समस्या है। बहुत बार यह देखने में आता है कि किसान खेत में महीनों मेहनत कर फसल उपजाता है, लेकिन कटाई का वक्त आता है तो आवारा पशु चट कर जाते हैं। सर्द रातों में फसल की रखवाली करते हुए कई किसानों की जान भी जा चुकी है। ड्रोन उनके लिए राहत लेकर आ सकता है।

किसान ड्रोन उड़ाकर मालूम कर सकते हैं कि आवारा पशु कहां हैं, किस ओर से खेत में घुसपैठ कर रहे हैं, रात को किस समय आते हैं, किस ओर जाते हैं ...! इससे उन्हें देर रात को खुले आसमान के नीचे बैठकर रखवाली नहीं करनी होगी। उनका नया दोस्त ड्रोन यह सब करेगा। बस, उन्हें तो इसका संचालन करना सीखना होगा। बाकी जिम्मेदारी ड्रोन की होगी। किसानों को खेत में काम के दौरान कई चीजों की जरूरत पड़ती रहती है। उदाहरण के लिए- खेत तक पहुंचने के बाद याद आया कि कीटनाशक की बोतल तो घर पर ही भूल आए! अब या तो दोबारा घर जाएं या (खुद के पास मोबाइल फोन सुविधा हो तो) घर से किसी को बुलाएं। अगर खेत पहाड़ी इलाके में हो तो घर से सीधी दूरी भले ही थोड़ी-सी लगे, लेकिन पहाड़ पर चढ़ना-उतरना काफी मुश्किल भरा काम होता है। ऐसी स्थिति में ड्रोन उड़ान भरेगा और कीटनाशक ले आएगा। इससे किसान का समय बचा और मेहनत भी बची, जिसका उपयोग वह खेत में कर सकेगा। इसी तरह दोपहर का भोजन, शाम की चाय ... ड्रोन लेकर आ सकता है। किसान रात को खेत की रखवाली करने पहुंचा है। अचानक उसे याद आए कि वह टॉर्च तो घर पर ही भूल आया! अब क्या किया जाए? इस स्थिति में ड्रोन चलाने वाले किसान को न तो सुनसान रास्ते से घर की दौड़ लगानी होगी और न उसके घर से किसी को टॉर्च लेकर आने की जरूरत होगी। ड्रोन उड़ेगा और कुछ ही मिनटों में टॉर्च लेकर हाजिर हो जाएगा। किसानों के बच्चे पढ़ाई-लिखाई में ड्रोन का बेहतरीन इस्तेमाल कर सकते हैं। किसी सहपाठी से कोई किताब, नोटबुक या सहायक पुस्तक मंगानी हो तो ड्रोन यह काम कर देगा। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कई काम हैं, जिनमें अब तक काफी मेहनत लगती थी, लेकिन भविष्य में उनका जिम्मा ड्रोन संभालेगा। विज्ञान के इस वरदान का लाभ खेत-खलिहान को मिलेगा तो उसका प्रभाव वहीं तक सीमित नहीं रहेगा। यह भविष्य में हर क्षेत्र में नजर आएगा। किसान सुखी होगा तो देश सुखी होगा।

## ट्वीटर टॉक



हर सपना साकार हो, मुस्कुराता हर इंसान हो, नारी का सम्मान हो, सुख-समृद्धि ही पहचान हो।ऐसा हमारा हिन्दुस्तान हो, प्यारा राजस्थान हो आइए, हम सब परिवारीजन देश के यशस्वी प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में नए भारत के निर्माण में सहयोगी बनें।

**-राज्यवर्धन सिंह राठौड़**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत अंतिम क़तार को स्पर्श करती केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। मैंने केरल के केरलास्सेरी-पालक्काड में इससे जुड़े कार्यक्रम को उद्घाटित किया और स्थानीय लाभार्थियों के साथ आदरणीय मोदी जी को सुना।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए आज मतदान किया जा रहा है। मेरी तेलंगाना के मतदाताओं से अपील है कि लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें एवं अपने सशक्त, सुरक्षित व सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए अपना अमूल्य वोट दें।

**-सचिन पायलट**

## प्रेरक प्रसंग

# जीवन का मंत्र

महान संत तिरुवल्लुर अपनी कुटिया में भजन करते रमे रहते। फिर भी कुछ नामी लोग अपने बाल बच्चों को उनके पास कुछ समय के लिए छोड़ जाते ताकि कुछ सीख मिले। एक बार तो इतने बालक आ गये कि उनके समूह बनाने पड़ गये। एक चौदह साल का किशोर था। उसको केवल यह काम दिया गया कि वह सबकी रखवाली करे। अब वह तो नेता बन गया। भागकर तिरुवल्लुर के पास गया और शिकायत करने लगा। गुरुवर, वह देखो। वह जो समूह है न। बस, समय काट रहा है। और उधर वह देखो। उस समूह को तो बगीचे में गोल-गोल रमण कर रहा है और कुछ नहीं।' 'देखो! प्रिय यह बस खालीपन है आखिर तुम इतने खाली क्यों हो?' वह किशोर उनको देखता रह गया। तिरुवल्लुर ने समझाया, 'चौदह साल के हो और खुद के खालीपन से अनजान हो। इसको भरते नहीं। यह बताओ कि खाली पेट वाला जानवर कहां फंसता है?' 'वह पिंजरे में फंसता है।' किशोर ने जवाब दिया। 'अच्छा, यह बताओ कि खाली दिमाग वाला इंसान।' 'एकदम बेकार और बकवास कामों के जाल में!' 'ओह, सच'। इतने संकेत से ही वह किशोर तिरुवल्लुर से जीवन का मंत्र सीख चुका था।

## सामयिक

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में डीपफेक एक बड़ी चुनौती

डॉ सत्यवान सौरभ
मोबाइल : 9466526148

डीपफेक ऐसे वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग हैं, जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके हेरफेर किया जाता है, ताकि यह प्रतीत हो सके कि कोई कुछ ऐसा कह रहा है या कर रहा है जो उन्होंने कभी नहीं किया। यह दूरगामी प्रभावों के साथ एक महत्वपूर्ण तकनीकी खतरे के रूप में उभरा है। कहते हैं इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के इस युग में डेटा ही तेल सामान है, मतलब उसका महत्त्व बहुत ज्यादा है, और बिना डेटा के कोई भी काम होना बहुत कठिन हो गया है। जैसे-जैसे डेटा का उपयोग बढ़ रहा है, उसके शोधन के तरीके भी बढ़ रहे हैं, वहीं ऐसी टेक्नोलॉजी भी आ गयी हैं जो आपके डेटा का इस्तेमाल कर कई प्रकार के हैरतअंगेज कार्य कर सकती है। ऐसी ही टेक्नोलॉजी है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जिसने तकनीकी दुनिया को हमेशा के लिए बदल डाला है। गूगल बार्ड जैसे टूल्स आश्चर्जनक जानकारियों का खजाना बन गए हैं, जो रिसर्च,एजुकेशन, प्रोडक्टिविटी को अलग स्तर पर ले गए हैं, वहीं न्यूरल नेटवर्क, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग ने सेल्स, मार्केटिंग, सोशल मीडिया, और एंटरटेनमेंट जैसे क्षेत्रों को बदल डाला है।

डीपफेक द्वारा उत्पन्न चुनौतियाँ सबसे पहले विश्वास और प्रतिष्ठा का क्षरण करती है। डीपफेक का इस्तेमाल गलत सूचना फैलाने, प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और सामाजिक अशांति भड़काने के लिए किया जा सकता है। एक बार जब कोई डीपफेक वीडियो वायरल हो जाता है, तो नुकसान को रोकना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि लोग वास्तविक और हेरफेर की गई सामग्री के बीच अंतर करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। व्यक्तियों और समाज के लिए खतरा अब सिर पर आकर खड़ा हो गया है। डीपफेक का इस्तेमाल साइबर बुलिंग, ब्लैकमेल और यहां तक कि चुनावों में हस्तक्षेप करने के लिए भी किया जा सकता है। इसके दुरुपयोग से व्यक्तियों और समाज को नुकसान पहुंचने की संभावना बहुत अधिक है। पता लगाने और जिम्मेदार ठहराने में कठिनाई पहले से ज्यादा बढ़ गयी है। डीपफेक का परिष्कार लगातार विकसित हो रहा है, जिससे उनका पता लगाना और उनका पता लगाना कठिन होता जा रहा है। यह कानून प्रवर्तन और सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के लिए एक चुनौती है। कानूनी और नैतिक विचार कमजोर पड़ते दिखाई दे रहें है। डीपफेक के उद्भव ने गोपनीयता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सीमाओं के संबंध में जटिल कानूनी और नैतिक प्रश्न खड़े कर दिए हैं।



डीप फेक का गलत इस्तेमाल हर क्षेत्र में होने लगा है, लोकतंत्र के लिये खतरा है डीप फेक। डीप फेक लोकतांत्रिक संवाद को बदलने और महत्त्वपूर्ण संस्थानों के प्रति लोगों में अविश्वास फैलाने के साथ ही लोकतंत्र को कमज़ोर करने का काम कर सकता है। डीप फेक राजनीति और लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकता है, क्योंकि इसमें किसी भी नेता का गलत बयान, भड़काऊ बयान का वीडियो बनाकर वायरल किया जा सकता है, जिससे देश में दंगे हो सकते हैं। डीप फेक का प्रयोग चुनावों में जातिगत द्वेष, चुनाव परिणामों की अस्वीकार्यता या अन्य प्रकार की गलत सूचनाओं के लिये किया जा सकता है, जो एक लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिये बड़ी चुनौती बन सकता है। इस साल की स्टेट ऑफ डीपफेक रिपोर्ट के अनुसार, भारत डीपफेक के मामले में छठा सबसे संवेदनशील देश है। डीप फेक मतदाता के मन को बदल सकता है।अगर आपने चुनाव के दो दिन पहले तक किसी दल या उम्मीदवार के लिए पक्ष या विपक्ष में वोट करने के मन बना रखा है और इसी बीच उस दल के बड़े नेता या किसी उम्मीदवार का कोई आपत्तिजनक फोटो, वीडियो, या ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है तो ऐसे में मतदाता उस दल या पार्टी को अपने वोट देने के फैसले को बदल सकता है। बता दें कि ब्रिटेन के पिछले प्रधानमंत्री पद के चुनाव में लेबर पार्टी और कंज़रवेटिव पार्टी के उम्मीदवारों का एक डीप फेक वीडियो सामने आया जिसमें वे एक-दूसरे का समर्थन करते दिखाई दिये, इसी प्रकार भारत में भी 2019 के लोकसभा चुनावों में कुछ राजनेताओं के डीप फेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे जिसे बाद में हटा दिया गया।

भारत में डीपफेक के पीड़ितों के लिए कानूनी उपाय देखे तो सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म कानूनी रूप से साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों को संबोधित करने और 36 घंटों के भीतर डीपफेक सामग्री को हटाने के लिए बाध्य हैं। साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए पीड़ित राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930) में शिकायत दर्ज कर सकते हैं और साइबर वकील से सहायता ले सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 जालसाजी और झूठी सूचना के प्रसार सहित साइबर अपराध अपराधों से संबंधित है। कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के तहत यदि डीपफेक में कॉपीराइट सामग्री का अनधिकृत उपयोग शामिल है तो वे कॉपीराइट कानूनों का उल्लंघन कर सकते हैं। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) डीपफेक की प्रकृति के आधार पर मानहानि (धारा-499) और आपराधिक धमकी (धारा-506) जैसे प्रावधान लागू किए जा सकते हैं। डीपफेक से निपटने के लिए उठाए जा सकने वाले उपायों में तकनीकी समाधान सर्वोपरि है। डीपफेक का पता लगाने और प्रमाणित करने के लिए शोधकर्ता एआई-संचालित उपकरण विकसित कर रहे हैं। ये उपकरण डीपफेक सामग्री में सूक्ष्म खामियों का विश्लेषण करते हैं, जैसे चेहरे के भाव या आंखों की गतिविधियों में विसंगतियां। सरकारें और अंतर्राष्ट्रीय संगठन डीपफेक से निपटने के लिए कानूनी और नियामक ढाँचे की खोज कर रहे हैं। इसमें साइबर अपराध के एक रूप के रूप में डीपफेक को परिभाषित करना, रिपोर्टिंग तंत्र स्थापित करना और उत्पादकों और वितरकों को जवाबदेह बनाना शामिल है।

सार्वजनिक जागरूकता और शिक्षा के जरिये डीपफेक के प्रभाव को कम करने के लिए जनता को इसके बारे में शिक्षित करना महत्वपूर्ण है। इसमें लोगों को डीपफेक की पहचान करना, हेरफेर की क्षमता को पहचानना और ऑनलाइन सामग्री साझा करने के बारे में सतर्क रहना सिखाना शामिल है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और प्रौद्योगिकी कंपनियों पर डीपफेक से निपटने की ज़िम्मेदारी है। इसमें पता लगाने वाली तकनीकों में निवेश करना, स्पष्ट नीतियां लागू करना और कानून प्रवर्तन के साथ काम करना शामिल है। डीपफेक से निपटने के लिए एआई-आधारित समाधान में चेहरे की हरकतों, त्वचा की बनावट और आवाज के पैटर्न में सूक्ष्म विसंगतियों के आधार पर डीपफेक की पहचान करने के लिए एआई मॉडल को प्रशिक्षित किया जा सकता है। सोर्स कोड वॉटरमार्किंग डिजिटल सामग्री के सोर्स कोड में अद्वितीय वॉटरमार्क-एम्बेडेड करने से डीपफेक की उत्पत्ति का पता लगाने और अपराधियों की पहचान करने में मदद मिल सकती है। एआई-संचालित तथ्य-जाँच उपकरण (फैक्ट-चेक टूल्स) उपयोगकर्ता-जनित सामग्री (यूजर-जनरेटेड कंटेंट) की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की सहायता कर सकते हैं। मीडिया प्रमाणीकरण मानक कोएलिशन फॉर कंटेंट प्रोवेनेन्स एंड ऑथेंटिसिटी जैसे खुले तकनीकी मानक डिजिटल सामग्री की प्रामाणिकता (ऑथेंटिकेशन) स्थापित करने में मदद कर सकते हैं।

भारतीय चिंतन और अध्यात्म का, विश्वदृष्टि का प्रचार करने के लिए भारत को अपने स्वयं के एआई एल्गोरिदम विकसित करने और प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। एआई पूर्वाग्रह का मुकाबला करने का शायद यही एकमात्र तरीका है। यदि भारत विरोधी ताकतें वास्तव में अपने स्वयं के पूर्वाग्रहों को प्रचारित करने के लिए एआई का सक्रिय रूप से उपयोग कर रही हैं, तो हमें एआई का अपना संस्करण बनाने की जरूरत है जो भारत समर्थक हो। कई हित समूहों और हितधारकों द्वारा बढ़ती मध्यस्थता वाली दुनिया में, ज्ञान अब उदासीन नहीं रह सकता है। हमें एआई के निष्क्रिय उपभोक्ताओं और बड़ी तकनीकी कंपनियों की सफेदपोश कार्यबल के रूप में अपनी भूमिका से आगे बढ़ कर सोचना होगा, और लगातार विकसित हो रहे एआई विमर्श में सक्रिय खिलाड़ी बनना ही पड़ेगा।

डीपफेक हमारे डिजिटल समाज के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करते हैं, हालांकि वे नवाचार और सहयोग का अवसर भी पेश करते हैं। तकनीकी प्रगति, कानूनी ढाँचे और सार्वजनिक जागरूकता के संयोजन से, हम एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम कर सकते हैं, जहाँ डीपफेक कम हानिकारक और अधिक जवाबदेह होंगे। निष्कर्षत: मुख्य रूप से एक व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है, जो इस उभरते खतरे के तकनीकी, कानूनी और नैतिक आयामों को संबोधित करता हो।

## ज्ञान विज्ञान

# छोटे ब्लैक होल के पैदा की जा सकती है परमाणु संयंत्र की तरह ऊर्जा

ब्लैक होल के बारे में कहा जाता है कि वे बहुत ही विशाल पिंड होते हैं जिसने बचना असंभव है और ये अपने पास आने वाली हर चीज को निगल लेते हैं और प्रकाश तक इनसे बच नहीं सकता है। वैसे तो वैज्ञानिक इनके बारे में अप्रत्यक्ष तरीकों से काफी कुछ जान चुके हैं, पर फिर भी इसे अब भी एक विशालकाय रहस्मय पिंड के रूप में ही पहाचना जाता है। दो चीनी भौतिक विदों ने सैद्धांतिक तौर पर साबित किया है कि छोटे ब्लैक होल को ऊर्जा के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। चीन की तायनजिन यूनिवर्सिटी की झान-फेंग माइ और रुन क्यू यांग ने अपने अध्ययन में गणना कर पाया है कि ये अति घने पिंड एक तरह की रीजार्जेबल बैटरी और न्यूक्लियर पॉवर प्लांट की तरह काम कर सकते हैं जो गीगा इलेक्ट्रॉनवोल्ट के स्तर की ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं। मजेदार बात यह है कि इसमें प्रक्रिया में ऊर्जा ब्लैक होल के अंदर से नहीं बल्कि उसके ठीक बाहर की जगह से आएगी जहां ब्रह्माण्ड में गुरुत्व की सबसे अधिक मात्रा पाई जाती है।

हमारा ब्रह्माण्ड ब्लैक होल की पहेलियों से भरपूर माना जाता है और इनकी उपस्थिति की पहचान करना ही आसान काम नहीं होता है। लेकिन ये सूर्य से पांच गुना ज्यादा भार से लेकर अरबों खरबों के सौर भार के पाए जाते हैं। भार के ही लिहाज से ब्लैक होल की एक और श्रेणी होती है जिनका अस्तित्व सैद्धांतिक तौर पर सभी वैज्ञानिक स्वीकारते हैं। इनमें प्राइमोर्डियल ब्लैक होल कहते हैं और इनका आकार उपपरमाणु स्तर तक का हो सकता है। जहां तारकीय भार के ब्लैकहोल मरते हुए तारे के सिकुड़ने से बनते हैं। प्रिमॉर्डियल ब्लैक होल के बारे में माना जाता है कि वे प्राइमोर्डियल प्लाज्मा से बने होते हैं जो बिग बैंग के बाद ब्रह्माण्ड में भर गए थे।

उनका अस्तित्व तो सिद्ध नहीं किया जा सका है, जैसे की ब्लैक को प्रमाणित करने में दशकों लग गए थे, लेकिन वे बहुत सारी संभावननाएं खोल सकते हैं। चीनी वैज्ञानिकों ने इन महीन ब्लैक होल को ही ऊर्जा के स्रोत के रूप में पाया है। माइ और यांग की दलील है कि महीन ब्लैक होल रासायनिक और परमाणु ऊर्जा दोनों को विद्युत में बदल कर ऊर्जा पैदा कर सकते हैं। ब्लैक होल का बहुत ही शक्तिशाली गुरुत्व बल होता है जिससे उनका उपयोग कर बैटरी की तरह किया जाता है। उन्होंने बताया कि श्वाजर्सचाइल्ड ब्लैक होल का एक रीजार्जेबल बैटरी की तरह उपयोग किया जा सकता है। लेकिन इन ब्लैकहोल के साथ समस्या ये है कि हॉकिंग विकिरण द्वारा इनका भार कम होता जाता है।

यह विकिरण ब्लैक होल के किनारे, जिसे इवेंट होराइजन कहते हैं, और पास के क्वांटम क्षेत्र की अंतरक्रिया की वजह से होता है। इस विकिरण के कारण कम भार के ब्लैक होल में तेजी से भार कम होता जाता है और ब्लैक होल बहुत छोटा हो तो वह जल्दी ही पूरी तरह से उड़ सकता है।

## चिंतन

# एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के हों गंभीर प्रयास

योगेश कुमार गोयल
मोबाइल : 9034304041.

'एड्स' न केवल भारत में बल्कि समस्त विश्व में लोगों के लिए आज भी एक भयावह शब्द है, जिसे सुनते ही भय के मारे पसीना छूटने लगता है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एचआईवी संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। 'रॉयटर्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2022 के अंत तक 3.9 करोड़ से भी ज्यादा लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ विश्व एड्स दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष लैट कम्युनिटी लीड' विषय के साथ मनाया जा रहा है।

वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी' (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब



जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है।

यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति एड्स' कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में करीब 42 फीसदी की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशतः लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच.आई.वी. परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे।

वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपकाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है।

एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी। इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बोधगया में आयोजित कार्यक्रम में प्रेम रावत को सुनने पहुंचे लाखों लोग

# जिस दुनिया में रहते हैं, उसमें अपने आप को जाने : प्रेम रावत

## पौने चार लाख लोग आए सुनने, बना विश्व रिकार्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बोधगया। प्रसिद्ध शिक्षाविद प्रेम रावत ने 'जीवन के मूल्य की समझ अपने आप को जानना' विषय पर गत रविवार को गया जिले के बोधगया के औरा गांव में व्यख्यान दिया। उनकी गहरी बातों को सुनने की ऐसी ललक रही कि यह किसी मेंटर को सुनने आई भीड़ का नया विश्व रिकार्ड बन गया। गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स की टीम ने दर्शकों की संख्या 3,75,603 रिकार्ड की। गिनीज वर्ल्ड रिकार्डर्स टीम ने एक ही संबोधन के लिए सबसे बड़ी उपस्थिति रिकार्ड की है।

आयोजन के लिए 40 एकड़ के सभा स्थल में प्रवेश को 16 द्वार बनाए गए थे। सभी द्वार पर गिनती के लिए आटोमेटिक मशीन लगी थी, जिसमें लोगों की संख्या गिनना संभव हो सका। दर्शकों में 50 आप्रवासी थे। गिनिज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स के निर्णायक स्वप्निल डंगरिकार व प्रवीण पटेल और विषय वस्तु विशेषज्ञ की उपस्थिति में प्रेम रावत ने मंच पर प्रणाम पत्र स्वीकार किया। उनका यह संबोधन एक घंटे से भी ज्यादा समय रहा। उन्होंने आज हम जिस दुनिया में रहते है, उसमें अपने आप को जानने के महत्व पर प्रकाश डाला। किसी भी अन्य चीज से अधिक अपने आप को जानने को महत्व देते हुए कहा कि अपने आप को जानो।



गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डर्स प्राप्त करते हुए प्रेम रावत

उन्होंने आगे कहा कहा, 'अज्ञानता भ्रम पैदा करती है, जबकि ज्ञान संतोष और संतुष्टि की भावना को पैदा करता है। अपने आप को समझने के पिछे एक और प्रमुख उद्देश्य यह है कि जीवन में हमारा नियंत्रण केवल अपने आप पर होता है और यही हमारे जीवन में हमारी खुशी और शांति को निर्धारित करता है।

इसलिए जीवन यात्रा में अपने आप को जानना हमें ड्राइवर की सीट पर रखता है।' प्रेम ने आगे कहा, इससे कोई फर्क नही पड़ता कि हम ईश्वर में विश्वास करते हैं या नही, हर विचार, अवधारणा और विश्वास से परे, हमारे पास यह जीवन है, हम देखने योग्य ब्राह्मंड को देख सकते हैं और यह सृष्टि स्पष्ट है और यही शक्ति इस सृष्टि को चला रही है।

एम्बुलेंस




वायनाड में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को केरल के कलपेट्टा में वायनाड कलेक्टरेट में वायनाड मेडिकल कॉलेज की एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई।

# संयुक्त राष्ट्र नेताओं ने भारत को दक्षिण-दक्षिण सहयोग का पैरोकार बताया

संयुक्त राष्ट्र/भाषा

संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष नेताओं और राजदूतों ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने और दक्षिण-दक्षिण सहयोग का पैरोकार होने के लिए भारत के 'अनुकरणीय नेतृत्व' की सराहना की है। उन्होंने देश की जी20 अध्यक्षता और भारत तथा संयुक्त राष्ट्र के बीच 'स्थायी' साझेदारी पर भी प्रकाश डाला।

भारत ने पिछले साल दिसंबर में जी20 की अध्यक्षता एक वर्ष के लिए संभाली थी और अब वह इसे ब्राजील को सौंपने वाला है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बुधवार को यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष की सहयोगात्मक साझेदारी के छह साल पूरे होने के मौके पर यह आयोजन किया गया। संयुक्त राष्ट्र की उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने इस अवसर पर कहा, ''भारत लंबे समय से दक्षिण-दक्षिण सहयोग का और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के वैश्विक अनुसरण का पैरोकार रहा है जहां वह 'वसुधैव कुटुम्बकम' के अपने दर्शन को सामने रख रहा है।'' उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष उस असाधारण उपलब्धि का प्रमाण है जिसे देश एक टिकाऊ, समान और न्यायोचित विश्व बनाने के लिए एकजुट होकर, सीमाओं और मतभेदों से उबरकर हासिल कर सकते हैं।

मोहम्मद ने कहा कि साझेदारी कोष की छठी बरसी हमें टिकाऊ विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सामने आने वाले अनेक अवरोधों पर और इन चुनौतियों से उबरने में दक्षिण-दक्षिण सहयोग में निभाई जा सकने वाली अहम भूमिका पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है।

कोष की स्थापना 2017 में की गई थी और तब से इसने 54 देशों में 76 परियोजनाओं का समर्थन किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि महामारी के प्रभावों से जटिल हुए वित्तीय क्षेत्र में आए संकुचन के मौजूदा दौर में यह 'छोटा कदम नहीं' है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की आबादी का छठा हिस्सा रहता है और यह संयुक्त राष्ट्र समेत वैश्विक मिशन में भी बेमिसाल भूमिका निभा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने जो कहा है, वो किया है और किसी को पीछे नहीं छोड़ने के उसके मूल्यों के लिए उसकी प्रतिबद्धता केवल बयानबाजी नहीं लगती, बल्कि उनमें वास्तविकता झलकती है।

# भारत को हरदीप सिंह निज्जर मामले में कनाडा के आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए : प्रधानमंत्री ट्रूडो

ओटावा/भाषा। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा है कि अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय नागरिक पर अभियोग के बाद हरदीप सिंह निज्जर मामले में कनाडा के आरोपों को भारत को गंभीरता से लेना चाहिए।

ट्रूडो ने बुधवार को कहा कि ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 18 जून को निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता के आरोपों पर कनाडा के अधिकारी अगस्त से अमेरिका के अपने समकक्षों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को ''बेतुका'' बताकर खारिज कर दिया है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश के आरोपी भारतीय नागरिक ने इस आश्वासन के बाद साजिश में शामिल होना स्वीकार किया कि गुजरात में उसके खिलाफ चल रहा एक आपराधिक मामला खारिज कर दिया जाएगा।

अमेरिका की एक अदालत में बुधवार को सामने आये अभियोजन पक्ष के आरोपपत्र के अनुसार निखिल गुप्ता (52) पर न्यूयॉर्क शहर में एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की नाकाम साजिश में संलिप्त रहने का आरोप है।

'कैनेडियन प्रेस' ने ट्रूडो के हवाले से अपनी खबर में कहा, ''अमेरिका से आ रही खबरें इस बात को और रेखांकित करती हैं कि भारत को कनाडा के आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए।''

न्यूयॉर्क में अमेरिकी जिला न्यायालय में बुधवार को अभियोग में यह खुलासा नहीं किया गया है कि किस अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रची गई थी।

'फाइनेंशियल टाइम्स' अखबार ने हालांकि अज्ञात सूत्रों के हवाले से पिछले सप्ताह खबर जारी की थी कि अमेरिकी अधिकारियों ने प्रतिबंधित संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' के गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया था और इस साजिश में भारत सरकार के शामिल होने की आशंकाओं को लेकर उसे चेतावनी दी थी। ट्रूडो ने कहा, ''यह कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे कोई भी हल्के में ले सकता है। हमारी जिम्मेदारी कनाडा के लोगों को सुरक्षित रखना है और हम ऐसा करते रहेंगे।''

कनाडा के आरोपों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि ओटावा के साथ मुख्य मुद्दा उस देश में भारत विरोधी तत्वों की गतिविधियां है।

बागची ने कहा, ''जहां तक कनाडा की बात है, हमने कहा है कि उन्होंने सतत रूप से भारत विरोधी चरमपंथियों को और हिंसा को जगह दी है और मुख्य मुद्दा दरअसल यही है। कनाडा में हमारे राजनयिक प्रतिनिधियों ने इसके दंश को झेला है।'' उन्होंने कहा, ''हम कनाडा की सरकार से अपेक्षा करते हैं कि वह राजनयिक संबंधों पर विएना समझौते के तहत वचनबद्धताओं का पालन करे। हमने अपने आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप को भी देखा है।'' उन्होंने कहा कि जाहिर तौर पर यह अस्वीकार्य है।

भारतीय नागरिक के अभियोग पर प्रतिक्रिया देते हुए, कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी अभियोग के बाद इस बात की ''पुष्टि होती है कि कनाडा इन खतरों से निपटने में अकेला नहीं है।'' लेब्लांक ने कहा, ''कनाडा की सरकार, 'रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' और खुफिया सेवा जैसी एजेंसियां कनाडा के लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करती हैं, लेकिन उन लोगों को भी जवाबदेह ठहराती हैं जिन्होंने कनाडा में एक कनाडाई नागरिक की हत्या कर दी।''

# आपराधिक मामला खारिज करने के आश्वासन पर हत्या की साजिश में शामिल हुआ भारतीय नागरिक : अमेरिकी अभियोजक

न्यूयॉर्क/भाषा। अमेरिका में संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश के आरोपी भारतीय नागरिक ने इस आश्वासन के बाद साजिश में शामिल होना स्वीकार किया कि गुजरात में उसके खिलाफ चल रहा एक आपराधिक मामला खारिज कर दिया जाएगा। निखिल गुप्ता (52) पर न्यूयॉर्क शहर में एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की नाकाम साजिश में संलिप्त रहने का आरोप है। इसमें यह खुलासा नहीं किया गया है कि किस अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रची गई थी। अज्ञात सूत्रों के हवाले से पिछले हफ्ते खबर जारी की थी कि अमेरिकी अधिकारियों ने प्रतिबंधि संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' के गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया था और इस साजिश में भारत सरकार के शामिल होने की आशंकाओं को लेकर उसे चेतावनी दी थी। अभियोजन पक्ष ने मुकदमे में बताया कि गुप्ता किस तरह गुजरात में उसके खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले को खारिज किये जाने के आश्वासन के बाद साजिश के लिए सहमत हो गया। अभियोजन पक्ष के आरोपपत्र में कहा गया, ''मई 2023 में या इसके आसपास सीसी-1 और गुप्ता के बीच शुरू हुई टेलीफोन और इलेक्ट्रॉनिक संचार शृंखला में सीसी-1 ने गुप्ता से भारत में उसके खिलाफ एक आपराधिक मामले को खारिज कराने में सीसी-1 की सहायता के बदले पीड़ित की हत्या का बंदोबस्त करने को कहा था। गुप्ता हत्या की साजिश रचने को तैयार हो गया।



# 'सैम बहादुर' आज होगी रिलीज

मुंबई/वार्ता

अभिनेता विक्की कौशल की थ्रिलर फिल्म 'सैम बहादुर' एक दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसको लेकर फिल्म के निर्माताओं ने एक विशेष स्क्रीनिंग रखी। विक्की की पत्नी अभिनेत्री कैटरीना कैफ के साथ एंट्री ने सभी का ध्यान खींचा। विक्की के साथ हाथ में हाथ डाले चलते हुए करीना मखमली काली स्ट्रैपलेस ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। साथ ही 'उरी' अभिनेता काले पैंटसूट में बेहद खूबसूरत लग रहे थे।

स्क्रीनिंग के लिए विक्की कौशल की मां वीना कौशल, पिता शाम कौशल और भाई सनी कौशल भी पहुंचे थे। 'सैम बहादुर' की बात करें तो इसका निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है, फिल्म में विक्की कौशल, सान्या मल्होत्रा ङ्कङ्कऔर फातिमा सना शेख मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में विक्की भारत के युद्ध नायक और पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की भूमिका निभाते नजर आएंगे। विक्की ने हाल ही में फिल्म के ट्रेलर का अनावरण किया जिसमें अभिनेता को एक उग्र अवतार में दिखाया गया।

ट्रेलर 2 मिनट 40 सेकंड का था, जिसमें विक्की को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सहित कई हाई-प्रोफाइल नेताओं के खिलाफ मोर्चा संभालते हुए एक उग्र अवतार में दिखाया गया है। ट्रेलर के अंत में विक्की एक दमदार डायलॉग बोलते हैं और कहते हैं, 'आज के बाद कोई भी ऑफिसर या जवान, मेरे लिखित ऑर्डर के बिना अपनी पोस्ट से पीछे नहीं हटेगाऔर मैं ऑर्डर कभी नहीं दूंगा।' सैम बहादुर भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है।

वह फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत होने वाले पहले भारतीय सेना अधिकारी थे और उन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में जीत का नेतृत्व किया, जिसके कारण बंगलादेश का बना। इस फिल्म का रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म 'एनिमल' से बड़ा बॉलीवुड मुकाबला होगा।

'सैम बहादुर' 'राज़ी' के बाद विक्की की मेघना गुलज़ार के साथ दूसरी फिल्म है। इसके अलावा विक्की निर्देशक आनंद तिवारी की आने वाली अनटाइटल्ड रोमांटिक फिल्म में तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ भी नजर आयेंगे। करण जौहर द्वारा निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# प्रियंका चोपड़ा ने अंतरराष्ट्रीय एमी पुरस्कार जीतने पर वीर दास को बधाई संदेश भेजा

मुंबई/भाषा

हास्य कलाकार वीर दास ने अपनी अंतरराष्ट्रीय एमी पुरस्कार जीत पर मिले शुभकामना संदेश के लिए अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस को धन्यवाद दिया और दुनिया भर में भारतीय प्रतिभाओं के लिए दरवाजे खोलने के वास्ते उनकी प्रशंसा की। दास सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी श्रेणी में अपने नेटफ्लिक्स स्टैंड-अप वीर दास: लैंडिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय एमी जीतने वाले पहले भारतीय बने। उन्हें 20 नवंबर को यह पुरस्कार मिला। फिल्म निर्माण कंपनी 'पर्पल पेबल पिक्चर्स' की संस्थापक प्रियंका चोपड़ा जोनस द्वारा भेजे गए बधाई संदेश और फूलों के गुलदस्ते की तस्वीर साझा करते हुए दास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, प्रियंका चोपड़ा को फूलों और हम सबके लिए खोले गए दरवाजे के लिए धन्यवाद। आप अद्भुत हैं।

प्रियंका चोपड़ा जोनस (41) और उनकी फिल्म निर्माण कंपनी ने नोट में लिखा, दास की जीत योग्य और अद्भुत उपलब्धि थी। इसमें लिखा था, प्रिय वीर एमी की जीत पर आपको बहुत-बहुत बधाई। प्रियंका, मैरी और पर्पल पेबल पिक्चर्स के आपके सभी दोस्तों की तरफ से प्यार। दास के लिए यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय एमी नामांकन और इस क्षेत्र में पहली जीत थी।

# मेरी सभी फिल्मों के लिए अमिताभ बच्चन सबसे बड़े प्रेरणास्त्रोत रहे हैं : प्रशांत नील

मुंबई/भाषा

'केजीएफ' फिल्म के निर्देशक प्रशांत नील का कहना है कि महानायक अमिताभ बच्चन जिस खूबी के साथ पेचीदा और लीक से हटकर भूमिकाएं निभाते हैं, उस तरह से कोई भी कलाकार नहीं कर सकता। प्रशांत नील का मानना है कि उनकी फिल्मों के सभी प्रमुख पात्र अमिताभ बच्चन के नायक-विरोधी व्यक्तित्व का थोड़ा सा अंश होते हैं और वे इससे प्रेरित होते हैं।

प्रशांत ने 2018 में 'केजीएफ : चैप्टर 1' फिल्म का निर्देशन किया था, जिसे दर्शकों और आलोचकों श्ररा काफी सराहा गया था जबकि फिल्म का दूसरा संस्करण 'केजीएफ : चैप्टर 2' 2022 में रिलीज हुआ।

कन्नड़ भाषा की फिल्म 'केजीएफ-1' एक विशेष काल खंड पर आधारित फिल्म थी जिसमें नायक रॉकी, मुंबई में एक गोल्ड माफिया के लिए काम करता है और अपनी मां के सपने को पूरा करने के लिए धन के साथ ही ताकत भी हासिल करना चाहता है।

प्रशांत इस समय 22 दिसंबर



को रिलीज होने वाली अपनी आगामी फिल्म 'सालार पार्ट 1: सीजफायर' का प्रचार कर रहे हैं।

लेखक-निर्देशक प्रशांत नील ने पीटीआई-भाषा को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, '' मेरी सभी फिल्मों के लिए अमिताभ बच्चन सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। ऐसी बहुत सी फिल्में हैं जिनमें उन्होंने नायक की भूमिका निभाई लेकिन साथ ही वह खलनायक के किरदार में भी थे। अभिनय की यह एक ऐसी शैली है जिसे उस अवधि के बाद बहुत कम देखा गया।

जिस तरह से वह पेचीदा किरदार को लीक से हटकर निभाते हैं, उसका कोई मुकाबला नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''अमिताभ बच्चन ने फिल्मों में जिस तरह से खलनायक का किरदार निभाया, दर्शकों को उस किरदार से प्यार हो गया। इसलिए, मैं अपनी फिल्मों के साथ ऐसा करने की कोशिश करता हूं... मैं अपने किरदारों को यथासंभव नकारात्मक, यहां तक कि सकारात्मक दिखाने की कोशिश करता हूं। मैं कोशिश करता हूं कि नायक को मेरी फिल्म का सबसे बड़ा खलनायक होना चाहिए।''

प्रशांत ने कहा कि अमिताभ की उनकी सर्वकालिक पसंदीदा फिल्म 1990 की हिट 'अग्निपथ' है। निर्देशक का कहना है कि उनका सपना महानायक को एक फिल्म में निर्देशित करना है।

प्रशांत ने कहा, '' मरने से पहले मैं अमिताभ बच्चन के साथ एक फिल्म करना चाहता हूं। 1970, 1980 और 1990 के दशक के सिनेमा का छात्र होने के नाते, मैं उनके अलावा किसी और के बारे में नहीं सोच सकता। अमिताभ बच्चन के लिए फिल्म बनाना मेरा सबसे बड़ा सपना है। मुझे उन्हें अपनी फिल्म का सबसे बड़ा खलनायक बनाना है। मैं इसे दूसरे तरीके से नहीं बनाऊंगा। अगर वह कुछ करने को राजी हो जाएं तो यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान होगा। ''

# फिल्मों के जरिए आप असल जिंदगी के नायकों को सामने लाते हैं : फातिमा सना शेख

मुंबई/भाषा

अभिनेत्री फातिमा सना शेख का कहना है कि फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का ऐसे व्यक्तित्व है जिनकी जीवनगाथा लोगों तक पहुंचायी जानी चाहिए। फातिमा को उम्मीद है कि सम्मानित युद्ध नायक के जीवन पर आधारित उनकी आगामी फिल्म 'सैम बहादुर' नई पीढ़ी को प्रेरित करने का काम करेगी। अभिनेता विक्की कौशल 'सैम बहादुर' में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं और फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है।

फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रहीं फातिमा ने कहा कि फिल्म में काम करके उन्हें सीखने का अनुभव मिला। फातिमा ने कहा, 'सैम बहादुर' बहुत से लोगों तक पहुंचेगी। फिल्म अच्छा करने के साथ-साथ बहुत से लोगों को प्रेरित करेगी। एक पूरी पीढ़ी मानेकशॉ के बारे में नहीं जानती है, मैं खुद उनके बारे में नहीं जानती थी। ठीक है। फिल्मों के माध्यम से आप असल जिंदगी के नायकों को सामने लाते हैं।' अभिनेत्री ने यहां 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'कभी-कभी आपको किसी दूसरे को यह विश्वास दिलाने की जरूरत होती है कि यह कहानी बताए जाने की जरूरत है और यह एक बहुत ही हिम्मत वाला काम है। यह एक महान शख्सियत वाला किरदार है, यह एक जिम्मेदारी है, जिसे आप उठा रहे हैं, इसमें बेहद खतरा है और हम इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। ' फिल्म में इंदिरा गांधी के अपने किरदार के संदर्भ में फातिमा ने कहा कि वे इस किरदार को निभाने को लेकर बिल्कुल भी आश्वस्त नहीं थीं। उन्होंने कहा, 'इस किरदार को निभाने के लिए मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस बात पर विश्वास करने में काफी वक्त लग गया कि मैं इस किरदार को निभा सकती हूं। मेघना ने मुझे बहुत समझाया लेकिन मैं नहीं मानी। हमने अतीत में बहुत से लोगों ये किरदार निभाते हुए देखा है लेकिन इस फिल्म में जो चीज मजेदार है वो ये कि मैं युवा इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हूं।'



RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

मानव जीवन में त्याग की महती भूमिका मानी गई है। यहां तक कि हमें दूसरी सांस लेने के लिए पहली सांस का त्याग करना पड़ता है। त्याग मात्र एक कर्म ही नहीं, अपितु यह एक भाव है। यह हमें सांसारिक मोह से अलग करने के साथ ही हमारे व्यक्तित्व निर्माण में भी निर्णायक बनता है। त्याग की भावना अत्यंत पवित्र है। त्याग करने वाले पुरुषों ने ही संसार को प्रकाशमान किया है। जिसने भी जीवन में त्यागने की भावना को अंगीकार किया, उसने ही उच्च से उच्च मानदंड स्थापित किए हैं। सच्चा सुख व शांति त्यागने में है, न कि किसी तरह कुछ हासिल करने में। त्याग से तत्काल शांति की प्राप्ति होती है और जहां शांति होती है।

# ईर्ष्या, दूसरों को नहीं खुद को जलाती है : देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने धर्म प्रवचन देते हुए कहा कि ईर्ष्या एक ऐसा शब्द है जो मानव के खुद के जीवन को तो तहस-नहस करता है औरों के जीवन में भी खलबली मचाता है। यदि आप किसी को सुख या खुशी नहीं दे सकते तो कम से कम दूसरों के सुख और खुशी देखकर जलिए मत। यदि आपको खुश नहीं होना है न सही मत होइए खुश, किन्तु किसी की खुशियों को देखकर अपने आपको ईर्ष्या की आग में ना जलाएं। ईर्ष्यालु व्यक्ति की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह किसी की सुख-शांति नहीं देख सकता, उन्नति सहन नहीं कर सकता। वह अकारण ही उन्नतिशील व्यक्तियों की आलोचना करता, उन पर झूठे दोषारोपण करता और उनके कार्यों का अवमूल्यन करता दिखाई देता है। ईर्ष्या का जन्म स्वयं अपनी उन कमजोरियों से होता है जो उन्नति-पथ में बाधक होती हैं। जब मनुष्य अपनी कमियों से असफलता का शिकार बनता है, तब उसमें पराजय की भावना आ जाती है, किंतु अपने अहंकार के कारण वह उनका हेतु अपने अंदर न देखकर दूसरों पर दोषारोपण किया करता है। ईर्ष्या कमजोर और हलकी मनोभूमि वालों को बड़ी जल्दी अपना शिकार बना लेती है। ऐसे लोगों में शक्ति-सामर्थ्य की, पुरुषार्थ की कमी रहती है, जिसके फलस्वरूप वे अपने जीवन में संतोषजनक कोई काम नहीं कर पाते और निरंतर अपने अंदर एक खालीपन अनुभव किया करते हैं। असंतोष ही वास्तव में ईर्ष्या का जन्मदाता है। वे आगे बोले कि मनुष्य या तो कोई संतोषजनक कार्य कर सके अथवा अपनी स्थिति में संतुष्ट रहे, तो वह अवश्य ही ईर्ष्या की आग से बचा रह सकता है। निश्चय ही मनुष्य के अपने हाथ में हैं कि वह किसी के लिए अपने मन में ईर्ष्या रखता है अथवा सद्भावना। किसी की सफलता अथवा उन्नति में प्रसन्न होने से आपकी गांठ से कुछ भी तो नहीं जाता, उलटे दूसरों का स्नेह अथवा श्रद्धा-पात्र बनकर आपको लाभ-ही-लाभ होगा। अंत में आचार्य श्री ने कहा कि जब-जब आपके मन में किसी के लिए ईर्ष्या का भाव जागृत हो तब-तब अपने विचारों की दिशा को सकारात्मक सोच की और मोड़ दीजिए जब विचारों की दिशा ही बदल जाएगी तब अपने आप नकारात्मकता आपसे दूर होते जाएगी और जब मन में अच्छी बातें आती है तब हमें वो बातें सुकून ही देती है न की ग्लानि या जलन।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com



आचार्यश्री पद्मसागरसूरी

## आचार्य पद्मसागरसूरी का दीक्षा दिवस मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूर। यहां के श्री सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ द्वारा गुरुवार को आचार्यश्री महेन्द्रसागरजी सूरी की निश्रा में श्रुत संरक्षक, राष्ट्रसंत आचार्यश्री पद्मसागरसूरीजी की 70वीं दीक्षा वर्ष मनाया गया। मुनिश्री मेरुपद्मसागरजी, एवं मुनिश्री अर्हमपद्मसागरजी मुनिद्वय ने कहा कि आचार्यश्री जीवंत रूप में इकसवी सदी के सबसे अधिक पुण्य प्रताप के धनी आचार्य है। भारत वर्ष के जितने प्रातों में इन्होंने विचरण किया और भारत के प्रांतों जितना इनका नाम है शायद दूसरे किसी आचार्य भगवंत का होगा। आचार्यश्री युगनायक, युगपुरुष और दीर्घद्रष्टा के रूप में पहचाने जाते है। गुजरात के गांधी नगर के पास कोबा गाँव में जैनों के महाकाय पुस्तकालय की उन्होंने स्थापना की है। गौरतलब है कि कोबा तीर्थ में आने वाले अधिकांश श्रद्धालु इस तीर्थ के ज्ञान भंडार के एवं आचार्यश्री के वहां मौजूद होने पर दर्शन के बिना अपनी यात्रा अधूरी समझते हैं। यहां 70 वां संयम वर्ष 'धार्मिक अनुष्ठानों' के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। संघ के अध्यक्ष प्रकाश साकरिया ने कहा कि सुबह में पूजा एवं दोपहर को सामूहिक सामायिक में जाप एवं ज्ञान चर्चा हुई।

### 'जीवन उत्सव'



मुम्बई में बुधवार को 'एलआईसी जीवन उत्सव' योजना को लांच करते हुए जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण। इस स्कीम का नाम एलआईसी जीवन उत्सव है। यह योजना एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, इंडिविजुअल, सेविंग्स और पूर्ण लाइफ इंश्योरेंस स्कीम है। इस स्कीम में सलेक्टेड प्रीमियम भुगतान अवधि (नियमित आय से फ्लेक्सी आय) के आधार पर, बीमा राशि का 10प्रतिशत निर्दिष्ट वर्षों के बाद हर साल वापस कर दिया जाता है। यह स्कीम पॉलिसीधारक को जीवनभर लाइफ इंश्योरेंस कवरेज प्रदान करती है।



भास्कर यात्री निवास का शुभारंभ करते हुए शर्मा परिवार।

# बेंगलूरु में भास्कर यात्री निवास का हुआ शुभारंभ

## शर्मा परिवार द्वारा शाकद्विपीय ब्राह्मण समाज समर्पित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज बेंगलूरु के समाजसेवी सुनील शर्मा ने कलासीपाल्यम् क्षेत्र में 29 नवम्बर की देर सायं अपनी माता रामकन्याबाई के कर कमलों से भास्कर यात्री निवास का शुभारंभ कर समाज को समर्पित किया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शर्मा ट्रांसपोर्ट के प्रमुख एवं समाजसेवी सुनील शर्मा ने बताया कि 'इस भास्कर यात्री निवास को समस्त आधुनिक सुख सुविधाओं से युक्त बनाया गया है। जिसमें वातानुकूलित कमरे, भोजन कक्ष, रसोईघर, रेफ्रिजरेटर, गीजर, वाई-फाई, माइक्रोवेव आदि तमाम सुविधाओं से सज्जित किया गया है। जिसका लाभ सम्पूर्ण भारत से बेंगलूरु में शिक्षा हेतु आने वाले समाज के विद्यार्थियों, चिकित्सा स्वास्थ्य लाभ के लिए आने वाले समाज के बंधुओं और अखिल भारतीय शाकद्विपीय ब्राह्माण समाज के लोगों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।' समाज के लोगों ने सुनील शर्मा की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए उने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उद्घाटन के मौके पर सुनील शर्मा, रामकन्याबाई, महिला मंडल अध्यक्ष चंद्रा सुरेश शर्मा, संतोष शर्मा, राजेश शर्मा, घनश्याम शर्मा, विजयकुमार शर्मा, चेतन शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, किशोर शर्मा, राकेश शर्मा, बाबूलाल शर्मा, संदीप शर्मा, अश्विन शर्मा, भूपेश कश्यप सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।






विद्यार्थियों के साथ मुख्यअतिथि डॉ. विनयकुमार यादव

# साहित्यक प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां शेषाद्रीपुरम् महाविद्यालय में 29 नवम्बर को हिन्दी संघ की ओर से आयोजित साहित्यिक प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित की गए और बीकॉम फाइनल के विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम पर आधारित अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्यअतिथि के रूप में बिशप कॉटन महिला महाविद्यालय के हिन्दीविभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार यादव एवं अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बीजी भास्कर ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्था गीत के गायन से हुई। कुमारी रक्षिता एवं उनके सहयोगियों द्वारा दैवस्तुति प्रस्तुत किया गया। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एनएस शास्त्री ने सभी का स्वागत किया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्यअतिथि का परिचय सहप्राध्यापिका डॉ. वीएल सौम्या ने दिया। विजेता विद्यार्थियों को विनयकुमार यादव एवं बीजी भास्कर ने पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किए।

पाठ्यक्रम पर आधारित व्याख्यान के आरम्भ में डॉ.एन.एस. शास्त्री ने व्याख्यान का महत्व और उपयोगिता की ओर छात्रों का ध्यान आकर्षित किया।

मुख्य वक्ता डॉ. विनय कुमार यादव ने छायावाद और रहस्यवाद के अंतर संबंध, कवियों की सृजनात्मक कल्पना, मानवीय मूल्य आदि विषय और छायावाद के चार महान कवि पंत, प्रसाद, निराला और महादेवी वर्माजी का परिचय विद्यार्थियों को कराया। उन्होंने सूर्यकांत त्रिपाठी निरालाजी का वैयक्तिक और साहित्यिक जीवन की जानकारी देते हुए उन्हीं की रची हुई 'संध्या सुन्दरी' कविता में अभिव्यक्त संध्या सुंदरी का मानवीकरण सौंदर्य के विश्लेषण करते हुए कविता के कला और भाव पक्ष पर सुदीर्घ वक्तव्य प्रस्तुत किया।

छात्र भी बड़ी गम्भीरता से इन विचारों को ध्यानपूर्वक सुन रहे थे। छात्रा सुमनदेवी पटेल ने धन्यवाद ज्ञापन किया और राष्ट्रगान द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति हुई।



# दो मुमुक्षुओं का हुआ अभिनंदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के बसवनगुड़ी के श्री जिन कुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी म. सा. की निश्रा में मुमुक्षु द्वय का अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुमुक्षु कुमारी पूजा पारख, पुत्री मोहनलाल मधुबेन पारख सेलम्बा निवासी और मुमुक्षु कुमारी दिव्या आबड़, पुत्री शीतल कुमार पिंकी देवी आबड़ चांदवड निवासी दोनों मुमुक्षुओं की जैन भगवती दीक्षा सेलम नगर में खरतरगच्छाधिपति आचार्यश्री जिन मणिप्रभ सुरीश्वर जी महाराजा के कर कमलों से गच्छ गणिनी साध्वीवर्या श्री सुलोचना श्री जी म. सा. के सान्निध्यता में 21 जनवरी को सम्पन्न होगी।

ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्भय लाल गुलेच्छा, महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने अपने संदेश में संयम ग्रहण करने जा रही मुमुक्षों को हार्दिक बधाई दी। श्री जिनदत्त कुशल सूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल के मंत्री ललित डाकलिया ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए दोनों मुमुक्षुओं का परिचय दिया और उनके जीवन के आध्यात्मिक पहलुओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह दादावाड़ी ट्रस्ट और श्री संघ का सौभाग्य है कि मुमुक्षु पिछले पांच महीनों से यहीं पर गुरुवर्याश्रीजी के पास चातुर्मासिक आराधना करते हुए खरतर गच्छाधिपतिजी के मुखारविंद से चेन्नई में दीक्षा का मुहूर्त प्राप्त किया। इस अवसर पर दादावाड़ी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र कुमार रांका, वरिष्ठ सदस्य चुन्नीलाल गुलेच्छा, कांतिलाल गुलेच्छा, शांतिलाल कोठारी, अनिल भड़कतिया, पुखराज कवाड़, जवेरीलाल गुलेच्छा ने मुमुक्षुओं को तिलक, माला, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

साध्वीश्री प्रियकल्पनाश्रीजी ने संयम की महत्ता के बारे में बताया और कहा कि हमें परम पद मोक्ष की प्राप्ति से पहले संयम लेना आवश्यक है।

साध्वीश्री मितांजनाश्रीजी ने मधुर कंठ से अपनी सुरीली आवाज में गीत प्रस्तुत किया। संगीत मंडल के गायक और कवि हृदय राजेन्द्र गुलेच्छा और नितेश बोहरा ने बहुत ही सुन्दर अभिनन्दन स्वागत गीत प्रस्तुत किए। संघ की यशोदा गुलेच्छा और अमृतलाल भन्साली ने भी मुमुक्षुओं के प्रति अपने मन के उद्गार प्रस्तुत करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर दादावाड़ी ट्रस्ट से जुड़ी समस्त संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

# साध्वीवृंद 4 दिसम्बर को गुजरात विहार करेंगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। यहां के किलारी रोड स्थित गुरु राजेन्द्र भवन में विराचित साध्वीश्री भव्यगुणाश्रीजी म. सा. ने कहा कि 'संत के फैन नहीं फॉलोअर बनिए। उनके चरण तक नहीं आचरण तक पहुंचने का प्रयास करें। संत के आचरण को आत्मसात करने से ही संसारी जीवों का कल्याण हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिनका चिंतन शुचिमय नहीं है उनका चित्त भी शुचिमय नहीं है। चिंतन को समीचीनता के साथ शुचितापूर्ण करो पहले शुचिंतन फिर सुचरित्र बनेगा। चरित्र बनेगा तो चिंतन से ही बनेगा। चिंतन से चैतन्य जागृत होगा। साध्वीश्री शीतल गुणाश्री ने कहा कि पापों से मुक्ति पाने और शुद्धिकरण के लिए तीर्थ स्थान पर सेवा करें। इससे पुण्य की प्राप्ति निश्चय होगी। जिंदगी की असली कमाई साधना है। धन, माया और शरीर सब मिट्टी है। उन्होंने प्रेरणा दी कि छोटी आयु के बच्चों को मोबाइल न दें। बच्चा जिस तरह के कार्टून या बाकी चीजें देखता है। वह वैसा ही बनता है। ऐसा करने के बजाए उन्हें धार्मिक ज्ञान, योग या अच्छी बात सिखाएं। उन्होंने सात्विक भोजन पर भी जोर दिया।

मेघराज भंसाली ने बताया कि साध्वीवृंद रविवार तक गुरु राजेंद्र भवन किलारी रोड में स्थिरता करेगी। 4 दिसम्बर को सुबह गुजरात के लिए विहार प्रारंभ करेगी। विहार सेवा में वसंतराज भंसाली, गौतमचंद लुणिया, पारस भंसाली, प्रवीण भंसाली, सुमित जैन, कैलाश जैन, भैरुभाई मानावत, विशाल, टिंकु गुलेच्छा, ऋषि गुलेच्छा ने लाभ लिया।

### मानव सेवा कार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के राजाजीनगर तेरापंथ युवक परिषद द्वारा गुरुवार को नेलमंगला स्थित सोंडेगोपा गांव में जनस्नेही चेरिटेबल ट्रस्ट में स्व. लादूलालजी गन्ना की स्मृति में पारिवारिक सदस्यों के सहयोग से ट्रस्ट में दैनिक जरूरत की राशन सामग्री प्रदान की गई। यहां 120 वृद्ध रहते हैं। परिषद के अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने अपने विचार व्यक्त किए। मुकेश गन्ना ने अपने पिता को स्मरण करते हुए परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर खेमराज मेहता, तेयुप से निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद गन्ना, राजेश देरासरिया, जयंतीलाल गांधी एवं सेवा सारथी के संयोजक मुकेश भंडारी एवं विक्रम बोहरा आदि की उपस्थिति रही।

# नंदन नीलेकणि, निखिल कामथ फोर्ब्स एशिया की 'हीरोज ऑफ फिलैंथ्रॉपी' सूची में शामिल

नई दिल्ली/भाषा। इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि, डीएलएफ के मानद चेयरमैन के. पी. सिंह और ज़ेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ को फोर्ब्स एशिया की 'हीरोज़ ऑफ फिलैंथ्रॉपी' सूची के 17वें संस्करण में शामिल किया गया है। यह सूची बृहस्पतिवार को जारी की गई। फोर्ब्स की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सूची में किसी को कोई 'रैंक' नहीं दी गई है। इसमें '' उद्योग जगत के उन दिग्गजों को शामिल किया गया है जो काफी दान कर रहे हैं और कुछ चुनिंदा मुद्दों पर व्यक्तिगत रूप से गौर कर रहे हैं।'' फोर्ब्स के अनुसार, प्रौद्योगिकी दिग्गज इंफोसिस के सह-संस्थापक एवं चेयरमैन नंदन नीलेकणि ने जून में आईआईटी बॉम्बे को 3.2 अरब रुपये (3.8 करोड़ अमरीकी डालर) का दान दिया था।

## गुरु सुमतिप्रकाश को जप द्वारा श्रद्धांजलि

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। जैन युवा संगठन के संस्थापक गुरुदेव श्री सुमतिप्रकाशजी म. सा. के देवलोकगमन संथारापूर्वक मेरठ में हुआ। संगठन की ओर से जप के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम जैन युवा संगठन के कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष जैन महेंद्र बागरेचा ने बताया कि संगठन के संस्थापक गुरुदेव ने जो मार्ग दिखाया है संगठन गत 36 वर्षों से उस मार्ग पर निरंतर गतिमान है। गुरुदेवश्री ने बहुत स्वाध्याय व तपस्या की और अन्त में आप ने संथारा स्वीकार किया, आप की प्रेरणा से संगठन की स्थापना से अब तक अनवरत रूप से प्रभु महावीर जन्म कल्याणक व समाज हित में कार्यक्रम करते आ रहे है। मंत्री जैन मदन मुणोत ने बताया की गुरुदेव की तपस्या बहुत कड़ी थी, आपने मौन साधना, तप साधना, जप साधना, प्रेरणा पाथेय आदि के माध्यम से अनेकों लोगों के जीवन को धन्य किया है। आपकी आत्मा मोक्षगामी बने संपूर्ण संगठन की ओर से मंगलकामना करते है। इस मौके पर संगठन के अनेक सदस्यों ने अपनी उपस्थित दर्ज कर भावांजलि अर्पित की।



Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.